नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 251 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 6 जुलाई 2023

पेज -4 पर विधायक लालजीत सिंह राठिया ने किया यूथ सेंटर एवं पुस्तकालय ...

विवादित पटवारी कौशल यादव को राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने किया निष्कासित.. पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## अवैध सड़क निर्माण मामले में डीबीएल को नोटिस की तैयारी

**कंपनी की ओर से निजी भूमि पर सड़क निर्माण का दावा**

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोकहित के नाम पर अवैध कार्यों को नजर अंदाज कर देना प्रशासन की पुरानी शैली रही है। भले ही वह गतिविधि नियम विरुद्ध हो लेकिन जब बात ऊपर तक पहुंच रखने वालों की आती है तो कानून के हाथ भी बंधे नजर आते हैं।





लगातार

डीबीएल कंपनी के पत्थर खदान के लिए अवैध सड़क निर्माण

अधिकारी और जिम्मेदार कारिंदे की बातों में विरोधाभास



तो कुल मिलाकर यह बात केवल किताबी जान पड़ती है कि नियम कानून सबके लिए बराबर है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार अधिकारियों के पास पावर नहीं है। दरअसल ऐसे मामले में कई कारण होते हैं जो एक उच्च अधिकारी के अधिकार क्षेत्र को सीमित करने की क्षमता रखते हैं। ऐसा ही एक मामला धरमजयगढ़ क्षेत्र में सामने आया है। जिसमें एक नामी कंपनी के लोग स्थानीय प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड कंपनी को करीब चार हेक्टेयर निजी भूमि क्षेत्र को साधारण पत्थर उत्खनन के लिए आबंटित किए जाने की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में संबंधित आवेदित क्षेत्र के लिए बिना किसी अनुमति के सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस बारे में अपनी पिछली रिपोर्ट में हमने बताया था कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र के लिए स्थानीय प्रशासन की अनुमति के बिना करीब एक किमी दूर तक सड़क बनाने के लिए पत्थर युक्त मिट्टी बिछा दी गई। पूर्व में इस मामले में धरमजयगढ़ एसडीएम ने बताया था कि उन्हें इस सड़क निर्माण की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा था कि संबंधित कंपनी द्वारा उनसे कोई अनुमति नहीं ली गई है। वहीं कंपनी की ओर से दावा किया गया था कि अनुमति ली गई है। यहां सवाल है कि अधिकारी और कंपनी के एक कर्मचारी के बयान एक दूसरे के बिलकुल विपरीत क्यों हैं? दूसरा प्रश्न यह कि क्या प्रभावित क्षेत्र में करीब एक किमी तक पहुंच मार्ग बनाने के बारे में किसी को भी कानोकान खबर क्यों नहीं हो पाती है? यदि ऐसा है भी कि रातोरात सड़क बना दी गई तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसके शह पर यह तानाशाही चल रही है? क्या आवेदित क्षेत्र से परिवहन के लिए बनाए जाने वाले मार्ग के संबंध में किसी तरह का प्लान तैयार किया गया है? ऐसे कई और सवाल हैं जो इस पूरे मामले को और संदिग्ध बनाते हैं। बहरहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की कार्रवाई की बात फि लहाल सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक डीबीएल कंपनी को भारतमाता सड़क परियोजना से जुड़े कुछ कार्यों के संपादन के लिए अधिकृत किया गया है। इस पूरे मामले में ऐसे कई तथ्य सामने आए हैं जिनसे यह संभावना प्रबल होती है कि डीबीएल कंपनी को आवेदित क्षेत्र में पत्थर उत्खनन की स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया में कुछ पहलुओं को जाने अनजाने गंभीर रूप से नजर अंदाज किया जा रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### नोटिस जारी किया जाएगा-एसडीएम

इस मामले में धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल ने बताया कि संबंधित कंपनी के जिम्मेदार को तलब किया गया था। एसडीएम ने बताया कि उनकी ओर से निजी भूमि पर सड़क निर्माण कराए जाने की बात कही गई है। उन्हें करार से संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया है। सरकारी जमीन पर सड़क निर्माण के सवाल पर अधिकारी ने कहा कि संबंधित को नोटिस जारी किया जाएगा।

## कई मंत्री-विधायक की कट सकती है टिकट!

**डिप्टी सीएम सिंहदेव का बड़ा बयान, राजनीतिक हलचल**



रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनावी बिगुल शुरू हो गया है। राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू का दी है। कांग्रेस और भाजपा के बड़े नेताओं के दौरे भी शुरू हो चुके हैं।

इसी बीच छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का एक बयान सामने आया है, जिसने कांग्रेस विधायकों और मंत्रियों के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। दरअसल, टीएस सिंहदेव ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अपने बेस्ट उम्मीदवारों को ही चुनाव में उतारेगी। इसके लिए पार्टी द्वारा बकायदा सर्वे भी कराया जा रहा है। टीएस सिंहदेव के बयान से तो ये तो साफ हो गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से मुस्तैद है और हर हाल में दोबारा सत्ता हासिल करना चाहती है।

## पुटु बीनने जंगल गए वृद्ध पर हाथी ने किया हमला, मौत



**जशपुर।** बादल खोल वनाभ्यरण में हाथी के हमले से एक वृद्ध की मौत हो गई है. पुटू बिनने जंगल गया था वृद्ध, जिस पर हाथी ने हमला कर दिया. हाथी के कुचलने से वृद्ध की मौके पर मौत हो गई. मृतक सुभाष यादव 60 वर्ष सुबह 5 बजे जंगल गया था इस दौरान हाथी ने उसे मौत के घाट उतार दिया।

## तहसीलदार के बाद पटवारी पर भी गिरी गाज, तत्काल प्रभाव से निलंबित

**कोरिया।** जिले में जमीन मामले में घोर लापरवाही करने वाले राजस्व विभाग के अधिकारियों पर गाज गिरी है. संभागायुक्त ने पहले तहसीलदार को निलंबित किया. उसके बाद एसडीएम ने भी कार्रवाई करते हुए पटवारी को निलंबित कर दिया है. अनुविभागीय अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. बता दें कि खसरा नम्बर से संबंधित शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले में जांच करवाया गया. इस मामले में दोषी पाए जाने पर तहसीलदार और पटवारी को निलंबित कर दिया गया है. मामला बैकुंठपुर के ग्राम चेर से संबंधित है।

## नवा रायपुर में विकसित होगा देश का सबसे बड़ा थोक बाजार

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को थोक बाजार के लिए कार्ययोजना पर तेजी से कार्य करने के दिए निर्देश**

**रायपुर।** नवा रायपुर में देश का सबसे बड़ा थोक बाजार विकसित होगा। लगभग 438.47 हेक्टेयर में प्रस्तावित थोक बाजार का निर्माण सेक्टर 27 में किया जाएगा। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा इस थोक बाजार का निर्माण किया जाएगा। यहां छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के लिए आधारभूत जरूरी सुविधाएं होंगी।



- प्रस्तावित थोक बाजार 438.47 हेक्टेयर में बनेगा
- थोक बाजार में होंगी सभी मूलभूत सुविधाएं
- मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने एनआरडीए के अधिकारियों से कहा है कि इस थोक बाजार की कार्ययोजना को इस तरह से अमलीजामा पहनाएं ताकि देश का यह सबसे बड़ा थोक बाजार छोटे-बड़े सभी व्यापारियों की जरूरत पूरा कर सके। यहां व्यापारिक और वाणिज्यिक गतिविधियों का तीव्र विस्तार हो सके। श्री बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को थोक बाजार के लिए कार्ययोजना पर तेजी से कार्य के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बैठक में नागरिक सेवाओं एवं ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मितान योजना के क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं की डिलीवरी बिना कार्यालय पहुंचे तथा शीघ्रता से नागरिकों को मिल पा रही है। मेरे पोते का आधार कार्ड भी मितान के माध्यम से बना है। गौरतलब है कि मितान योजना पहले राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में लागू थी। अब इसका विस्तार नगर पालिका क्षेत्रों में किया गया है।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा आवेदन बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित आ रहे हैं। मितान योजना अंतर्गत अब तक प्रदेश के नगर निगमों के 1 लाख 03 हजार 315 हितग्राहियों के विभिन्न दस्तावेज तैयार कर डोर स्टेप डिलीवरी की गई है। बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए मितान को सबसे अधिक फोन आते है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। साथ ही जाति और आय प्रमाणपत्र भी काफी बने हैं। नए नगरीय निकायों में मितान योजना आरम्भ होने के बाद 3 दिनों में लगभग 2 हजार कॉल आये हैं जिसमें आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## टमाटर अदरक के बाद अब बींस बरबटी ने भी दिखाए अपने तेवर

**सब्जियों ने भी लगाए शतक और अर्धशतक**

**रायपुर।** शतक और अर्धशतक अभी तक यह शब्द से क्रिकेट में सुनने को मिलता था लेकिन अब यह शब्द सब्जियों में कॉमन हो चुका है । दरअसल इन दिनों सब्जियों के दाम काफी तेजी से बढ़ रहे हैं स्थिति यह है कि कई सब्जियों के दाम शतक लगा चुके हैं तो कुछ के दाम अर्धशतक तक पहुंच चुके हैं ।





मतलब यह कि कई सब्जियों के दाम 100 किलो या उससे अधिक हो गए हैं तो वहीं कुछ सब्जियों के दाम 50 या उससे अधिक हो गए हैं । सब्जियों के दाम बढ़ने से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी लोगो को महंगाई से राहत नहीं मिल पा रही है। खराब मौसम के चलते लगातार सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंच रहा है जिसके कारण सब्जियों की आवक बेहद कम हो गई है। आवक कम होने डिमांड अधिक होने के कारण सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं अभी तक सिर्फ टमाटर ही 100 किलो सुपर बिक रहा था लेकिन अब शिमला मिर्च, हरी मिर्चस धनिया पत्ती, बींस, बरबटी यह सब्जियों के दाम भी लगभग 100 किलो पहुंच गए हैं । इसके अलावा कई और सब्जियों के दाम 50 से अधिक हो गए हैं ।

*सब्जियों के दाम अधिक होने का असर यह हो रहा है कि सब्जी लेने महिलाओं के बजाए पुरुष बाहर निकल रहे हैं ताकि वह अपने बजट के हिसाब से सब्जी की खरीदी कर सके ।जानकारी के मुताबिक धोक सब्जी मंडी में ही इस वक्त सब्जियों के दाम ऊंचे होते जा रहे हैं । बुधवार को प्रदेश की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी में ही टमाटर 120 रुपए किलो हो गया । सब्जी विक्रेता और कमीशन एजेंट के मुताबिक लोकल सब्जियां नहीं के बराबर आ रही है साथ ही बाहर से जो सब्जी आ रही है वह काफी खराब हो रही है । आने वाले दिनों में सब्जियों के दाम और बढ़ सकते हैं ।*

## चलती बस पर गिरा पेड़, डेढ़ घंटे लगा जाम



**रायपुर/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में जगदलपुर-रायपुर नेशनल हाईवे 30 पर चलती बस के ऊपर एक पेड़ गिर गया। इस हादसे में बस का कांच टूट गया। ड्राइवर को मामूली चोटें आईं हैं। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया है। इधर, इस हादसे के बाद करीब एक से डेढ़ घंटे तक मार्ग बाधित रहा। फॉरेस्ट की टीम ने पेड़ को हटाकर मार्ग बहाल किया। मामला भानपुरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को बस्तर जिले में मौसम बदला। भानपुरी इलाके में तेज हवाएं चली। इसी बीच जगदलपुर से रायपुर जा रही एक यात्री बस जब सोनारपाल के पास पहुंची तो चलती बस पर अचानक एक पेड़ गिर गया। इस हादसे में बस के सामने का शीशा टूट गया। हालांकि, बस में सवार अन्य यात्री सुरक्षित हैं। हादसे के बाद जैसे-तैसे कर सारे सवारियों को नीचे उतारा गया। फिर इस बात हादसे की खबर पुलिस और वन विभाग को दी गई। बीच सड़क पर हादसा होने की वजह से मार्ग भी जाम रहा। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

**गोधन न्याय योजना**

**हितग्राहियों के खाते में 18.47 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण**

## हितग्राहियों को अब तक 507.14 करोड़ रूपए का भुगतान हुआ

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों, किसानों, सरपंचों, ग्राम पटेलों, गौठान समितियों और अधिकारियों से गांव में 6 जुलाई से 17 जुलाई तक 'रोका-छेका' करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन के साथ गांवों में बोनी और रोपा का काम भी शुरू हो गया है।

ऐसे में फसलों की रखवाली भी जरूरी है। अब 'रोका-छेका' का समय आ गया है। 'रोका-छेका' से आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने 'रोका-छेका' के लिए गांवों में मुनादी कराने तथा गौठानों में पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया।





मुख्यमंत्री श्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 18 करोड़ 47 लाख रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। इस राशि में 15 जून से 30 जून तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए 2.52 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 5.05 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 7.79 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 5.53 करोड़ रूपए की लाभांश राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इस माह की 17 तारीख को आ रहे हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने किसानों से धान के साथ-साथ खरीफ की अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में सभी फसलों का अच्छा मूल्य मिल रहा है। किसानों को धान के अलावा खरीफ की अन्य फसलें भी लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद-बीज की कमी नहीं होने दी जाएगी, हमारे गौठानों में भी पर्याप्त मात्रा में जैविक खाद उपलब्ध है। उन्होंने इस मौके पर किसानों को खरीफ सीजन में ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद और जैविक कीटनाशक का उपयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है। बोनी का काम शुरु हो गया है, बीजों का चयन किस तरह करना है, इसके बारे में आप लोगों को ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है। तब भी मैं कहना चाहूंगा कि कृषि विभाग से मार्गदर्शन लेते रहें, क्योंकि अनुभव के साथ विज्ञान के मेल से और भी अच्छे परिणाम मिलते हैं।

- मुख्यमंत्री द्वारा गांवों में 6 से 17 जुलाई तक 'रोका-छेका' करने की अपील
- वन विभाग और स्व-सहायता समूहों द्वारा हरेली के लिए तैयार कराई जा रही हैं गेड़ियां: निर्धारित शुल्क पर खरीदी जा सकेंगी

# अजित पवार एपिसोड और भारतीय राजनीति के दो 'मान्य' फार्मूले !

देश के सबसे धनी राज्य माने जाने वाले महाराष्ट्र में सत्ता के लिए खेले गए पार्ट थ्री एपिसोड का अंत क्या होगा? यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि यह सियासी धारावाहिक अभी चल ही रहा है। इस देश में काका के खिलाफ भतीजे की राजनीतिक बगावत नई बात नहीं है। लेकिन नई बात अगर कुछ है तो ये कि इस देश में आर्थिक और नैतिक भ्रष्टाचार अब कोई मुद्दा नहीं है और यह भी कि अब भारतीय राजनीति में 'थूक कर चाटना' भी सर्वमान्य कल्चर बन चुका है। सत्ता स्वार्थ के लिए कभी भी यू-टर्न ले लेना अब राजनीतिक राजमार्ग पर चलने का अलिखित ट्रैफिक नियम बन गया है और कुछेक को छोड़ कोई भी इसका अपवाद नहीं है।

महाराष्ट्र का ताजा राजनीतिक घटनाक्रम इसका बड़ा उदाहरण है। कल को यही बिहार में भी दोहराया जा सकता है। इस खेल में अगर कोई मूर्ख बन रही है तो वो है जनता, जिसके पास निरीह विवशता के अलावा और कोई विकल्प शायद विकल्प नहीं छोड़ा गया है। भारतीय समाज में भ्रष्टाचार शब्द अब एक सियासी फुटबॉल की तरह है, जिसे हर कोई अपनी सुविधा और मकसद से किक मारता रहता है। कभी-कभी यह सेल्फ गोल में भी बदल जाती है। इस खेल का अजब नियम यह है कि भ्रष्टाचार की यह बॉल जब तक दूसरे के पाले में होती है, तब तक 'भ्रष्टाचार' होती है और जब वह अपनी 'डी' में होती है तो शिष्टाचार का रूप ले लेती है। यहां तक कि उसका रंग और राजनीतिक तासीर तक बदल जाती है।

## क्या बोले शरद पवार?

गौर करें कि बरसों से काका शरद पवार के राजनीतिक पोषण आहार पर पले भतीजे अजित पवार के भाजपा शिवसेना महायुति के साथ सत्ता में जाने के फैसले से दुखी राकांपा अध्यक्ष (कम से कम अभी तक तो हैं हीं) शरद पवार ने कहा कि मेरे जिन लोगों पर भाजपा ने बरसों गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, वो अब भाजपा के साथ मिलते ही 'दोषमुक्त' हो गए हैं।

उनका कहने का आशय यह था कि भाजपा अब एक 'राजनीतिक गंगा' है, जिसमें स्नान करते ही स्वत- पाप प्रक्षालन हो जाता है। इस हिसाब से उस अजित पवार एंड कंपनी, जिसके पीछे ईडी लगी है, भाजपा के हमकदम होते ही ईमानदारी का बाना धारण कर चुकी है। ये वही कंपनी है, जिसके खिलाफ भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भ्रष्टाचार के खुले आम



भारतीय समाज में भ्रष्टाचार शब्द अब एक सियासी फुटबॉल की तरह है, जिसे हर कोई अपनी सुविधा और मकसद से किक मारता रहता है। कभी-कभी यह सेल्फ गोल में भी बदल जाती है। इस खेल का अजब नियम यह है कि भ्रष्टाचार की यह बॉल जब तक दूसरे के पाले में होती है, तब तक 'भ्रष्टाचार' होती है और जब वह अपनी 'डी' में होती है तो शिष्टाचार का रूप ले लेती है।

आरोप लगाया करते थे। लेकिन अब भाजपा के 'सुरक्षा चक्र 'में आते ही इन सभी कथित भ्रष्टाचारियों ने राहत की गहरी सांस ले ली है।

## जो कल तक थे अपने, आज वो भ्रष्टाचारी

एक दिलचस्प बात और कि जो शरद पवार 'अजित एंड कंपनी' को अब परोक्ष रूप से 'भ्रष्टाचारी' बता रहे हैं, वो कल तक इन सबको अपने परिवार का ही हिस्सा मानते रहे हैं। यानी उनकी छत्रछाया में चलने वाला भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार नहीं था, 'परफॉर्मेंस' था। (कुछ लोगों का तो अभी भी मानना है कि यह सब काका भतीजे का मिला जुला गेम है) राजनीतिक छत्र बदलते ही वह फिर भ्रष्टाचार में तब्दील हो गया है। इसका अर्थ यही है कि अपने भ्रष्टाचार करें तो वह भ्रष्टाचार हो ही नहीं सकता। यह शब्द और भाव केवल 'गैरों' के लिए है। हालांकि, खुद काका शरद पवार पर भी उनके केन्द्रीय कृषि मंत्री रहते कदाचार के आरोप लगे हैं। लेकिन कभी किसी ने उसकी जांच इसलिए नहीं कराई, क्योंकि विरोध के झीने पर्दे में शरद पवार निजी रिश्तों का सौजन्य कायम रखते आए हैं। साथ ही राजनीति में उनका सत्ता के अलावा कभी कोई वैचारिक आग्रह नहीं रहा। इस हिसाब से अजित पवार उसी 'शरदवाद' को आगे बढ़ा रहे हैं तो इसमें गलत क्या है? आज शरद पवार अपने सियासी गणित के हिसाब से विपक्ष की राजनीति कर भले कर रहे हों, लेकिन सियासी अक्षत वर्षा करने वाले हर दल में हैं, जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हैं, जो उन्हें 'शरदराव' कहते आए हैं। उनकी पार्टी भाजपा तो काफी पहले से विरोधियो के राजनीतिक पिंडदान के लिए राकांपा के 'काकस्पर्श' की आस लगाए बैठी थी।

## क्या है 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स'?

वैसे इस देश में निर्वाचित सरकार को गिराने की 'रिसॉर्ट पॉलिटिक्स' के आदि आख्यान की रचयिता भी कांग्रेस ही है, जिसने सबसे पहले 1995 में भाजपा की केशुभाई पटेल की निर्वाचित सरकार को गिराने के लिए भाजपा नेता शंकरसिंह वाघेला के नेतृत्व में बगावत कराई और मप्र के खजुराहो के होटल में बागी विधायकों को रूकवाया। हालांकि, बाद में कांग्रेस के समर्थन से बनी वाघेला की सरकार भी गिर गई और उसी के साथ गुजरात में कांग्रेस स्थायी विपक्ष की भूमिका में चली गई। अब मोदी-शाह के जमाने में भाजपा ने इस खेल में कांग्रेस को बहुत पीछे छोड़ दिया और इस खेल के अहम कारकों में 'धन की देवी' भी जुड़ गई। इससे यह सूत्र भी स्थापित हुआ कि राजनीति में भ्रष्टाचार एवं कथनी और करनी के भेद का महत्व शून्य है। इसकी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से कुछ भी की जा सकती है और उसे जायज भी ठहराया जा सकता है। कुतर्कों के रिमोट से इसका चैनल कभी भी ट्यून किया जा सकता है। आज की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने राजनीतिक नैतिकता को ताक में रखकर इस सियासी मतांतरण के सफल प्रयोग कई राज्यों में किए हैं।

अजय बोकिल

## संपादकीय

### औरंगजेब पर राजनीति क्यों?

यह कैसी हैरानी और विडंबना है कि स्वतंत्र और संप्रभु भारत में भी औरंगजेब के फैन क्लब हैं ! सोशल मीडिया पर उसके नाम के समूह सक्रिय हैं और वे लगातार पोस्ट लिख रहे हैं, लेकिन यह पराकाष्ठा है और अस्वीकार्य भी है कि %औरंगजेब आप सबका बाप% जुमले के बैनर और पोस्टर लिखे और लहराये जा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि देश में एक तबका आज भी औरंगजेब को अपना %नायक% मानता है। अदालतों के भीतर की बहस के दौरान ऐसी दलीलें दी जा रही है- औरंगजेब क्रूर और निर्दयी नहीं था। वह आक्रांता भी नहीं था। उसके कालखण्ड के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धर्मस्थलों को ध्वस्त नहीं किया गया। ऐसी दलीलों पर हैरानी होती है और हंसी भी आती है कि भारत का एक हिस्सा आज भी मज़हबी, मानसिक तौर पर गुलाम है। हम साम्प्रदायिक सौहार्द के पक्षधर हैं और हमारा संविधान भी यही सिखाता है, लिहाजा सम्प्रदाय के नाम पर भडकाए गए दंगों और हिंसक उपद्रवों पर टिप्पणी करने से हम परहेज करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहिल्यानगर आदि इलाकों में, औरंगजेब के महिमामंडन और आपतिजनक हिन्दू-विरोधी जुमलों के मद्देनजर, जो साम्प्रदायिक तनाव भड़का, उसकी भर्त्सना की जानी चाहिये । यह साम्प्रदायिक विभाजन का सिलसिला कब थमेगा? औरंगजेब का कालखण्ड बीते 300 साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है, लेकिन औरंगजेब की औलादें आज भी उसे जिंदा रखे हैं। विवादास्पद दुष्प्रचार किया गया, तो कुछ हिन्दू संगठनों ने बंद का आह्वान किया।

## बाजार में तेजी और मंदी का खौफ, बढ़ते कर्ज के साथ ब्याज लागत से जूझतीं अर्थव्यवस्थाएं

जीवन का एक सबसे गंभीर विचार महाभारत में वर्णित है। अरण्य पर्व में यक्ष युधिष्ठिर से पूछता है, संसार में सबसे बड़े आश्चर्य की बात क्या है? युधिष्ठिर कहते हैं, अनगिनत प्राणी यमलोक जा रहे हैं, फिर भी जो बच जाता है, वह स्वयं को अमर समझता है। यही महान आश्चर्य है। यह विचार आधुनिक दुनिया में भी सच है-खासकर वैश्विक वित्तीय बाजार में।

पिछले हफ्ते अमेरिकी फेडरल रिजर्व, यूरोपीय सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के प्रमुखों ने पुर्तगाल के सिंट्रा में यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के मंच पर बैठक की। इस बैठक का कटु संदेश यह है कि = मुद्रास्फीति ऊंची बनी रहेगी, जिससे विकास और नौकरियों पर असर पड़ेगा, ब्याज दरों में और बढ़ोतरी होगी तथा मंदी को टाला नहीं जा सकता। इस संदेश ने वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में गूंजने वाली चेतावनीपूर्ण सलाह और भय को और बढ़ा दिया है। मगर सट्टेबाजों और शेयर बाजार के तेजड़ियों के लिए ये चेतावनियां बेकार हैं। भारत में बीएसई सूचकांक व निफ्टी-50 नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस उछाल का मुख्य कारण एक वैश्विक बैंकिंग दिग्गज का उदय है। मूल कंपनी एचडीएफसी के साथ विलय के बाद एचडीएफसी बैंक




तेजड़िये इस बात से आश्वस्त हैं कि केंद्रीय बैंक अब और ब्याज दर नहीं बढ़ाएंगे, क्योंकि इससे भारत, ब्रिटेन और अमेरिका सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दबाव बढ़ जाएगा। दूसरी बात, ब्याज दर बढ़ाने से मुद्रास्फीति कम नहीं हुई।

का मूल्य करीब 172 अरब डॉलर हो गया है, जो जेपी मार्गन, बैंक ऑफ अमेरिका एवं आईसीबीसी के बाद दुनिया का चौथा बड़ा बैंक बन गया है।

यकीनन भारत में शेयरों में बढ़ोतरी उचित है-यह सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और मार्च के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 10 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। तथ्य यह है कि सुर्खियों के बावजूद इस वर्ष जनवरी से सेंसेक्स और निफ्टी-50 में करीब सात फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके विपरीत, यूरोप और अमेरिका में सूचकांक?(जहां मंदी आने का अनुमान है) एस ऐंड पी-500 15 फीसदी ऊपर है, 1983 के बाद से नैस्डेक के लिए पहले छह महीने सबसे अच्छे रहे हैं और 32 प्रतिशत ऊपर है तथा यूरो शेयर 15 फीसदी ऊपर है। इस आश्वस्ति का मतलब क्या है? सबकी निगाहें तकनीकी शेयरों पर हैं, लेकिन अमेरिका में 2022 में तकनीकी क्षेत्र में गिरावट आई, जिसके चलते नौकरियां चली गईं और नैस्डेक 33 फीसदी से अधिक लुढ़क गया। इसके अलावा, 2023 में अमेरिका में तकनीकी शेयरों में उछाल चैटजीपीटी द्वारा जेनरेटिव एआई की लोकप्रियता के कारण है। इसकी तुलना में यूरोप के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ नहीं है और न ही उसके पास एआई का आभामंडल है। चीन के साथ व्यापार पर निर्भर जर्मनी और फ्रांस के शेयर चीन में खराब रिकवरी के बावजूद उछाल पर हैं।

अप्रैल, 2022 से केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति को कम करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की। इन बढ़ोतरी के बावजूद मुद्रास्फीति स्थिर है और केंद्रीय बैंकों ने चेतावनी दी है कि उच्च दरें लंबे समय तक बनी रहेंगी। सैद्धांतिक रूप से इसका मतलब उच्च लागत, कम विकास और नौकरियों का नुकसान है। लेकिन शेयर बाजार इससे सहमत नहीं है।

प्रसिद्ध निवेश गुरु जॉन टेम्पलटन ने एक बार कहा था कि बचतकर्ताओं और निवेशकों के लिए ये चार शब्द बहुत खतरनाक हैं-इस बार यह अलग है। शेयर बाजार के तेजड़ियों का मानना है कि इस बार स्थिति अलग है। उन्हें भरोसा है कि शेयर से रिटर्न मिलेगा। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में शेयरों ने दोहरे अंक में रिटर्न की सूचना दी है।

शंकर अय्यर

# मिला जुला

### तीस हजारी कोर्ट परिसर में फायरिंग

## वकीलों के दो गुटों के बीच झड़प के बाद चली गोलियां

**दिल्ली** के तीस हजारी कोर्ट परिसर में फायरिंग की घटना सामने आई है। फायरिंग की इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर लगभग एक बजकर 35 मिनट पर किसी बात को लेकर वकीलों दो गुटों के बीच बहस तीखी झड़प में तब्दील हो गई। दोनों गुट एक दूसरे के आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में जमकर ईंट-पत्थर और लाठी डंडे चले। पुलिस मौके पर मौजूद है। पुलिस ने इस घटना को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पीएस सब्जी मंडी में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो पता चला कि वकीलों के दो गुटों ने कथित तौर पर हवा में फायरिंग की थी। फिलहाल स्थिति



सामान्य है। वहीं बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के अध्यक्ष केके मनन ने तीस हजारी कोर्ट परिसर में गोलीबारी की घटना की निंदा की है। काउंसिल ऑफ दिल्ली के अध्यक्ष केके मनन ने जारी आधिकारिक बयान में कहा- यह घटना क्यों हुई। इसमें कौन-कौन शामिल थे। इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। इस बात की जांच की जाएगी कि हथियार लाइसेंसी था या नहीं।

## एक नजर

### नगालैंड में पहाड़ से गिरे पत्थरों ने कारों को कुचला



कोहिमा. नगालैंड के कोहिमा-दीमापुर हाईवे पर मंगलवार शाम लैंडस्लाइड की घटना हुई। हाईवे के एक तरफ खड़े ऊंचे पहाड़ों से बड़े पत्थर गिरना शुरू हुए, जिनमें से दो पत्थरों ने हाईवे पर खड़ीं तीन कारों को कुचल दिया। पत्थर इतनी स्पीड में गिरे कि कारें पूरी तरह तहस-नहस हो गईं। दीमापुर के चुमोकेदीमा में हुए इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

### देश संभल नहीं रहा, पर इस्लाम के लिए लड़ेगी पाक सरकार; स्वीडन के खिलाफ आंदोलन का ऐलान




इस्लामाबाद. पाकिस्तान में भले ही आर्थिक और राजनीतिक संकट की स्थिति है। सड़कों पर उपद्रव मचा है और खाने-पीने की चीजों की भी किल्लत है, लेकिन पाकिस्तान सरकार शायद इससे जनता ध्यान भटकाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी वजह से उसने स्वीडन में कुरान के अपमान के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन का ऐलान किया है।

### मोदी मंत्रिमंडल में बदलाव के बीच

## कई केंद्रीय मंत्रियों की बीजेपी चीफ जेपी नड्डा से मुलाकात

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) इन दिनों लोकसभा चुनाव की तैयारियों को मिशन मोड में अंजाम देने जुटी हुई है। मंगलवार को चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदलने के बाद अब मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की तैयारी है। मोदी सरकार में शामिल कई मंत्री कल ही बीजेपी चीफ जे पी नड्डा से मिले हैं। कयास हैं कि ये मुलाकात मोदी सरकार में बदलाव को लेकर हैं। हालांकि, बीजेपी के सूत्र इस मुद्दे पर बिल्कुल चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि, जिस तरीके से केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को तेलंगाना का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है उससे साफ है कि देर-सवेर मंत्रिमंडल में बदलाव होने तय हैं।

### नड्डा ने मंत्रियों की मुलाकात के मायने?

जिस दिन बीजेपी ने 4 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले उसी दिन नड्डा से कई मंत्रियों ने भी मुलाकात की है। हालांकि, पार्टी सूत्र इस मुलाकात को मंत्रिमंडल में फेरबदल से नहीं जोड़ रहे हैं। लेकिन जिस तरीके से बीजेपी एनडीए के पुराने सहयोगियों से संपर्क साध रही है, उससे माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में मोदी सरकार में फेरबदल हो सकता है।



### इन मंत्रियों की हुई मुलाकात

बीजेपी चीफ नड्डा से मिलने वालों में वित मंत्री निर्मला सीतारमण, श्रम और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पृथ्वी और विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल शामिल हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इन मंत्रियों पार्टी उनको दी गई राज्यों की जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि टीडीपी, शिरोमणि अकाली दल (ब्रष्ठ), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे दलों के साथ बीजेपी की बातचीत चल रही है। माना जा रहा है कि ये सभी दल कुछ दिनों में औपचारिक रूप से एनडीए में शामिल हो सकते हैं। इसके बाद मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है।

## अजित ने शरद पवार को एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाया

### खुद संभाली कमान



**मुंबई।** अजित पवार ने NCP के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से शरद पवार को हटा दिया है। शरद पवार को पद से हटाने के बाद खुद NCP के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं।

अजित ने खुद को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बताया। प्रफुल्ल पटेल ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई थी, उसी में यह फैसला लिया गया।

इधर, अजित गुट ने चुनाव आयोग में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) और उसके चुनाव चिन्ह घड़ी पर अपना दावा जताते हुए पत्र भेजा है। इधर, शरद गुट के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने अजित पवार समेत 9 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। इससे पहले मुंबई में दोनों गुटों की बैठक हुई। अजित ने शरद की उम्र पर तंज कसा तो, शरद पवार ने उन्हें खोटा सिक्का कहा। बैठक के बाद अजित अपने समर्थक विधायकों को होटल ले गए हैं।

### शरद पवार बोले- गलती सुधारना हमारा काम है

वाईबी चह्वाण सेंटर में मीटिंग में शरद पवार ने कहा- जो शिवसेना के साथ हुआ, वही हृष्टक्क के साथ हुआ है। अजित पवार के मन में कुछ था तो मुझसे बात करनी चाहिए थी।

सहमति नहीं हो तो बातचीत से हल निकालना चाहिए। अजित की बात सुनकर अफसोस हुआ। गलती सुधारना हमारा काम है। आपने गलती की है तो सजा भुगतने तैयार रहें।

आज की बैठक ऐतिहासिक है। देश का ध्यान इस पर है। अजित की भूमिका देश हित में नहीं है। मैं सत्ता पक्ष में नहीं हूं। मैं जनता के पक्ष में हूं। प्रधानमंत्री जब बारामती आए थे उन्होंने कहा था कि देश कैसे चलाना चाहिए यह मैंने पवार साहब की ऊंगली पकड़कर सीखा है।

जो मुझे छोड़कर गए हैं उन्हें विधानसभा में लाने के लिए बहुत मेहनत की है। कार्यकर्ताओं ने इनके लिए मेहनत की। उनके लिए अफसोस है। जो विचारधारा पार्टी की नहीं है उसके साथ जाना ठीक नहीं है।

जिन विधायकों ने अलग होने का फैसला किया, उन्होंने हमें विश्वास में नहीं लिया। अजित पवार गुट ने किसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

पार्टी का चुनाव चिह्न हमारे पास है, वह कहीं नहीं जाएगा। हमें सत्ता में लाने वाले लोग और पार्टी कार्यकर्ता हमारे साथ हैं। हम पार्टी का सिंबल किसी को नहीं लेने देंगे। अजित पवार खोटा सिक्का निकला।

वे लोग मेरे फोटो का इस्तेमाल क्यों कह रहे हैं। वो मुझे देवता भी कहते हैं और मेरी बात भी नहीं मानते। जो लोग BJP के साथ गए हैं उनका इतिहास याद करो। जो उनके साथ गया वो सत्ता से बाहर हुआ। नागालैंड, मणिपुर सीमाई राज्य हैं वहां स्थिरता के लिए मैं भाजपा के साथ गया। इमरजेंसी में इंदिरा गांधी के खिलाफ माहौल बना हुआ था, लेकिन शिवसेना ने सोचा कि हमें देशहित में सोचना चाहिए और शिवसेना ने उनके खिलाफ एक भी उम्मीदवार नहीं खड़ा किया जाए।

देश में कटुता नहीं बढ़े इसलिए बाला साहेब ठाकरे ने यह फैसला लिया था। भाजपा का हिंदुत्व बांटने वाला है। जहां सत्ता नहीं है, वहां दंगे कराती है।

# बच्चों से भविष्य से जुड़ा है स्कूल मरम्मत कार्य, शेष कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण-कलेक्टर

### घरघोड़ा एवं तमनार में चल रहे मरम्मत एवं निर्माणाधीन कार्यों को देखने पहुंचे कलेक्टर सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।








बच्चों का भविष्य उनके पढ़ाई-लिखाई से बनती है। जिसका हमें पूरी प्राथमिकता से ध्यान देना जरूरी है। नये सत्र में स्कूल शुरू हो चुके है। लेकिन कुछ जगहों पर आज भी स्कूल मरम्मत के कार्य अधूरे पड़े है जो कि अच्छी बात नहीं है। बच्चों के पढ़ाई से बड़ा कोई काम नहीं है, मरम्मत कार्य के चलते उनके अध्ययन-अध्यापन में कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। इसका विशेष ध्यान रखते हुए प्राथमिकता के साथ सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उक्त बातें कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने स्कूल में चल मरम्मत कार्य को देखने पहुंचे निरीक्षण के दौरान कही। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी साथ उपस्थित रहे।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज विकासखण्ड घरघोड़ा एवं तमनार के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल, कन्या आश्रम छात्रावास, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को देखा एवं संबंधित ठेकेदारों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने प्राथमिक शाला बैहामुड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर यहां मतदान केंद्र के लिहाज से सभी तैयारियां सुनिश्चित करने एवं टायलेट को बेहतर करने हेतु ठेकेदार को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विद्यालय घरघोड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को शेष मरम्मत कार्य को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लैब, लाइब्रेरी एवं शौचालय को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए ठेकेदार को बुक दान करने को कहा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने शासकीय प्राथमिक शाला सराईपाली का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ठेकेदार को कल से कार्य प्रारंभ करते हुए आगामी 2 से 3 माह में मरम्मत का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच से समिति गठित कर कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए। इस दौरान यहां उन्होंने निर्वाचन के संबंध में भी चर्चा किए।

कलेक्टर सिन्हा आंगन बाड़ी केंद्र नवापारा (टेण्डा) का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। कार्यकर्ता ने बताया कि 3 बच्चे कुपोषित हैं, कलेक्टर श्री सिन्हा ने उन्हें अंडा, सुपोषण आहार प्रदान करने के साथ ही उन्हें एनआरसी में भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं कार्यकर्ता को बच्चों के गृह भेंट कर परिजनों का काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमें सुपोषण आहार के माध्यम से तीनों बच्चों को सुपोषित करना हैं। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी में रेडी टू ईट से बने लड्डू को चखा।

कलेक्टर सिन्हा घरघोड़ा के बैहामुडा में चले रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने हितग्राही गुरबारी सारथी से बात की। उन्होंने बताया की दो टाइम पानी आता है। उन्होंने पीएचई अधिकारी को जल जीवन मिशन के लंबित सभी कार्य को पूर्ण करते हुए व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने विकासखंड तमनार के ग्राम पंचायत सराईपाली में जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया एवं जानकारी ली। ठेकेदार ने बताया कि 375 घरों में पेयजल नल कनेक्शन दिया गया है, वाटर लेवल कम होने के कारण कुछ दिक्कतें हो रही थी। कलेक्टर सिन्हा ने सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में भू-जल स्तर सुधार हेतु कार्य करने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में जल की समस्या न हो।

### कृषक ने बताया कि खाद के नहीं हो रही परेशानी

कलेक्टर सिन्हा सहकारी समिति नवापारा (टेण्डा) पहुंचे। उन्होंने वहां कृषक बोध राम गुप्ता से खाद के संबंध में जानकारी ली। कृषक ने बताया कि वे यहां राखड़, यूरिया एवं डीएपी लेने आया था। उन्होंने खुशी-खुशी बताया कि समिति में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने वर्मी भंडारण की स्थिति की जानकारी ली।

### हाउसिंग बोर्ड सब इंजीनियर के वेतन वृद्धि रोकने के दिए निर्देश

कलेक्टर सिन्हा ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने चल रहे एनआरसी निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा द्वारा गत दिवस दौरे के दौरान दिए गए निर्देश उपरांत कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर हाउसिंग बोर्ड के सब इंजीनियर की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां 20 बेड ईआरसीडी वॉर्ड का भी निरीक्षण किया।

### कलेक्टर सिन्हा ने सुमन को दिया गिफ्ट में अपना पेन

शासकीय माध्यमिक स्कूल भालूमार निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने कक्षा छठवीं की सुमन से लोक पूछा, उन्होंने कलेक्टर को श्लोक सुनाया जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने अपना पेन निकाल कर बच्ची को गिफ्ट कर दिया। इस दौरान उन्होंने अनुज राठिया से भी बात की। कक्ष निरीक्षण के दौरान सीलन का स्थाई समाधान करने के निर्देश देते हुए यहां अतिरिक्त दरवाजा बनवाने को कहा। उन्होंने प्राथमिक शाला भालूमार का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मतदान केंद्र के लिहाज से यहां सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत में महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे आधार कार्ड के कार्य को देखकर खुशी जाहिर करते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित किया।

### वृक्षारोपण के तैयारियों को देखने पहुंचे कलेक्टर

ग्राम-मौहापाली में लगभग 16 एकड़ में किए जा रहे वृक्षारोपण के कार्य की तैयारियों को देखने आज कलेक्टर सिन्हा पहुंचे। उन्होंने यहां वृक्षारोपण के लिए किए जा रहे गड्ढा खुदाई कार्य को देखा एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किए। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि यहां लगभग 1760 पौधरोपण के लिए गड्ढा खुदाई की जा रही है तथा पौधों की सिंचाई के लिए दो बोर खनन किए गये है। कलेक्टर सिन्हा ने पौधों की सुरक्षा हेतु फेसिंग के कार्य को अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम झरियापानी के अमृत सरोवर में कलेक्टर श्री सिन्हा ने निरीक्षण किया एवं सरोवर तट पर आम के पौधे भी रोपे।

### रीपा का किया निरीक्षण, गतिविधियों की ली जानकारी

कलेक्टर सिन्हा ने घरघोड़ा रीपा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कोसा धागा यूनिट को देखा एवं समूह की महिलाओं से चर्चा की। समूह की हीरामती पटेल, सुरूचि राठिया ने बताया कि कोसा धागाकरण से उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो रही है। इसी प्रकार आटा चक्की एवं लोक सेवा केन्द्र भी पहुंचे। लोक सेवा केन्द्र संचालक ऐश कुमारी राठिया ने बताया कि माह में लगभग 15 हजार रुपये तक की आय अर्जित हो रही है। कलेक्टर सिन्हा ने राईस मिल यूनिट निरीक्षण के दौरान इसे अतिशीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने तमनार रीपा का भी निरीक्षण किया। फेब्रिकेशन यूनिट का निरीक्षण कर संचालक से बात की। उन्होंने बताया कि पहले की अपेक्षा उनको वर्तमान में अधिक कार्य मिल रहा है एवं आसानी से पूर्ति कर पा रहे है। चैन लिंक फेसिंग यूनिट की संचालक सहोद्रा साव ने बताया कि फेसिंग की अच्छी डिमांड है। वर्तमान में अभी तीन लोग कार्य कर रहे है। माह में अच्छी बिक्री हो जा रही है। इसी प्रकार वे सीएनसी राउटर मशीन भी देखने पहुंचे। उन्होंने इसकी कार्यप्रणाली एवं मशीन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों की संख्या के बारे में जानकारी ली।

## एक नजर

### स्वास्थ्य सुरक्षा योजना अंतर्गत निजी डॉक्टरों से 12 जुलाई तक पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर से जारी आदेश और निर्देश के अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में वर्ष 2023-24 हेतु प्रवेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुरक्षाद्ध योजना 2007 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निजी प्रैक्टिशनरो जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं छात्रावास आश्रम के लिए 12 जुलाई 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। निजी प्रैक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास आश्रमों में प्रवेश लिए छात्र छात्राओं के लिए चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास आश्रम में छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपए प्रति भ्रमण मानदेय भुगतान किया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम 2 बार छात्रावास आश्रमों के छात्रण्छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास आश्रम के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पैड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय या मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजए संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र स्थाई या अस्थाई मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक का खाता का प्रथम पृष्ठ यजहां फोटो चस्पा हो की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालय समय में पंजीकृत डाक से भेजा जाए। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। नए अभ्यर्थी उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन कर सकेंगे। निजी चिकित्सकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय के द्वारा पात्रता के आधार पर किया जाएगा। चिकित्सकीय कार्य हेतु अनुबंध के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय कलेक्ट्रेट सारंगढ़ से प्राप्त किया जा सकता है

### निजी क्षेत्र के नियोजकों में 530 पदों की पूर्ति हेतु 8 जुलाई को लगेगा प्लेसमेंट कैम्प

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

जिले के बेरोजगार युवक.-युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्थानीय आईटीआई सेंटर में मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा जहां पांच निजी फर्मों में रिक्त 530 पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आगामी 8 जुलाई को सुबह 10 बजे से शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में किया जाएगा, जिसमें इच्छुक एवं पात्र युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कैम्प का लाभ लेने की अपील की गई है। इस संबंध में बताया गया है कि कस्टमर रिलेशनशिप ऑफि सर के 50 पद, सिक्योरिटी गॉर्ड के 150 और फील्ड स्टाफ के 50 रिक्त पदों के विरूद्ध योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। इसी तरह सेल्समैन, डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, फ्रण्ट ऑफिस एसोसिएट, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, गेस्ट सर्विस एसोसिएट और रिटेल सेल्स एसोसिएट केवल महिलाओं के लिए के 35-35 पदों पर बेरोजगार युवक-युवतियों का चयन प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं बोर्ड उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

### जिले में 254.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 5 जुलाई तक 254.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 251.5 मिली मीटर, पुसौर में 271.8, खरसिया में 168.2, घरघोड़ा में 176.9, तमनार में 251.8, लैलूंगा में 239.2, मुकडेगा में 362, धरमजयगढ़ में 295.5, छाल में 209 एवं कापू में 319.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## कांग्रेस सरकार ने अपने ही खजाने को लूटा- भाजपा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता तथा राज्य के पूर्व मंत्री विधायक अजय चंद्राकर और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक शिवरतन शर्मा ने आज एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्र वार्ता में भूपेश बघेल सरकार और कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी दल कभी पहले की सरकार के घोटालों की लिस्ट जारी नहीं करते बल्कि यदि कोई घोटाले हुए हैं तो उनकी जांच कराते हैं। कांग्रेस घोटालों की लिस्ट जारी कर रही है और उसकी सरकार देश की ऐसी पहली सरकार है जिसने अपना ही खजाना लूटा है। यदि भाजपा के शासनकाल में कोई घोटाले हुए तो जब 2003 में भाजपा की पहली सरकार बनी थी, उसके कुछ समय बाद से 2014 तक कांग्रेस के मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तब यह कांग्रेसी क्या ताली बजा रहे थे? 10 साल में क्यों कोई जांच नहीं कराई गई? पौने 5 साल से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। इतने समय से क्या कर रहे थे? क्या मुजरा कर रहे थे? अगर मुजरा कर रहे थे तो भूपेश बघेल यह करना छोड़ें और स्वतंत्र जांच कराएं। भाजपा मुख्य प्रवक्ता पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि 1 दिन पहले कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने आरोप लगाए हैं 26 बिंदुओं पर। मैं कांग्रेस और कांग्रेस सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि अब तक क्या कर रहे थे? कहां सो रहे थे? कहीं पर भी देश में सत्तारूढ़ दल घोटालों की लिस्ट जारी नहीं करते, जांच करवाते हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल में हिम्मत है, नैतिकता है तो जांच करवाएं। नहीं है तो इस्तीफा दे दे और घर पर बैठे। जिन घोटालों पर बात करते हो उनके बिंदुओं पर, तथाकथित घोटाले में, जिन दो अधिकारियों के खिलाफ प्रधानमंत्री से लेकर संबंधित मंत्रालय तक चिट्ठी लिखी,वे इस सरकार के लाड़ले हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने पौने पांच साल में अरबों रुपये का घोटाला किया है।

## डॉ. मनसुख मांडविया आज करेंगे रायपुर एम्स में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास

रायपुर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया गुरुवार को रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास करेंगे।




इस दौरान वह शिक्षकों और छात्रों के साथ संवाद करेंगे और एम्स की विभिन्न सेवाओं का निरीक्षण भी करेंगे।

एम्स में गेट नंबर एक के पास पीएमआर बिल्डिंग के सामने क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें अति गंभीर रोगियों को त्वरित चिकित्सा प्रदान करने का प्रस्ताव है। इसका शिलान्यास केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया द्वारा किया जाएगा। इसके बाद डॉ. मनसुख मांडविया एम्स में विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही एमबीबीएस और बीएससी (नर्सिंग) के छात्रों और शिक्षकों एवं अधिकारियों के साथ दो संवाद कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।



## बरसात के मौसम में बीमारियों से रहें सावधान

*** मच्छर व जल जनित रोगों की बढ़ जाती है संभावना * मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपनाएं उचित उपाय**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मानसून शुरू होने के साथ ही मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता है। जिसके अंतर्गत मलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया, सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, वायरल बुखार, फंगल इन्फेक्शन, हेपेटाइटिस और टायफ ाइड जैसी बीमारियां शामिल हैं। बरसात के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव होने से बैक्टीरिया का प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है जिससे वह सर्दी या फ्लू का शिकार हो जाता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी भी आयु के व्यक्ति को मौसमी बीमारियां हो सकती है। इस हेतु बरसात के मौसम में अपने शरीर को सुरक्षित रखने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो एवं बीमारियों से हमारे शरीर की रक्षा करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मानसून में कई तरह के मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि का खतरा काफी बढ़ जाता है साथ ही दूषित जल से हैजा,टाईफाईड,हेपेटाईटिस जैसी गंभीर बीमारियों से संक्रमित होने का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मलेरिया से अधिक लोग ग्रस्त रहते हैं। बारिश के दिनों में गड्ढों में भरे हुए पानी मच्छरों के प्रजनन के लिए उपयुक्त होता है। इस मौसम में संक्रमित मच्छरों के काटने के कारण मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। ये दोनों ही बीमारियां गंभीर स्थिति में पहुंचने पर जानलेवा भी हो सकती हैं। इसलिए इनसे बचाव के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना चाहिए। घर के आसपास जल जमाव नहीं होने देना चाहिए। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। बुखार,उल्टी, दस्त जैसी समस्या होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की सलाह से ही दवाईयों का सेवन करना चाहिए। इसी प्रकार हैजा,डायरिया एक जलजनित संक्रमण है जो शरीर में कालरा फैलाता है इस रोग के होने पर दस्त व डिहाईडेश्न की समस्या हो सकती है। डायरिया संक्रामक रोग है जो सभी विकासशील देशों में व्यापक है। यह तीन साल से कम उम्र के बच्चों को हर साल औसतन तीन बार होता है। डायरिया कुपोषण का एक प्रमुख कारण होता है एवं कुपोषित बच्चों को डायरिया से बीमार पड़ने की संभावना अधिक रहती है। टाईफाइड बुखार दूषित भोजन व पानी से होता है। हेपेटाईटिस-ए का संक्रमण दूषित पानी व भोजन के कारण होता है। यह बीमारी लिवर को अधिक प्रभावित करती है। बारिश में खुजली,जलन और रूखी त्वचा संबंधी रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है।कलेक्टर संजीव कुमार झा तथा सीएमएचओ ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि बदलते मौसम के मद्देनजर सभी लोगों को अपनी सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी भी लापरवाही बीमार कर सकती है। हम सभी आवश्यक सावधानी बरत कर बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं तथा किसी व्यक्ति को मलेरिया,डायरिया,टाईफ ाईड,हेपेटाईटिस तथा त्वचा रोग संबंधी लक्षण होने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना उपचार अनिवार्य रूप से कराएं। साथ ही जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण कर जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के उपाय के संबंध में आमजनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जिससे मौसमी बीमारियों से क्षेत्र की जनता को बचाया जा सके।

### बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के उपाय

*संक्रमित बीमारियों से बचने हेतु सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ ही खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से अनिवार्य रूप से हाथ धोना चाहिए। इसी प्रकार नाखूनों को हमेशा छोटा व साफ रखकर, पानी को उबाल एवं छान कर पीना चाहिए,सीधे नल का पानी नहीं पीना चाहिए। बाहर के स्ट्रीटफूड खाने के बजाय घर का बना भोजन का सेवन करना चाहिए। साथ ही अत्यधिक मसालेदार भोजन का सेवन से बचना चाहिए। सब्जियों तथा फलों को धोकर उपयोग करें। कटे फल, दही, रायता जैसे कच्चे भोजन खाने से बचें। संक्रमण व बीमारियों से बचने के लिए अदरक,तुलसी,काली मिर्च, दालचीनी, इलायची की चाय बनाकर पीनी चाहिए। मानसून में त्वचा संबंधी रोग से बचाव के लिए बारिश में भीगने पर तुरंत कपड़े बदल लेने चाहिए। अधिक देर बारिश में न रहें तथा त्वचा को सूखा रखें।*

## मांगें पूरी करने संविदा कर्मियों ने मानव श्रृंखला बना सरकार की घोषणा, पत्र जलाकर किया प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



**संविदा कर्मियों ने जयस्तंभ चौक में मानव श्रृंखला बनाकर व घोषणा पत्र जलाकर अपनी मांगों को पूरा करने की बात रखी**

बेमेतरा के संविदा कर्मियों ने अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर तीसरे दिन तहसील कार्यालय के पास जयस्तंभ चौक में हड़ताल कर रहे संविदा कर्मियों ने मानव शृंखला बनाकर व कांग्रेस के घोषणा पत्र को कांग्रेस सरकार को याद दिलाकर उनकी प्रतियो को जलकर अपनी मांगों को पूरा करने की बात कही।

इधर संविदा स्वास्थ्य कर्मीजीवन दीप समूह व तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मी हड़ताल पर जाने के बाद शासकीय अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार की व्यवस्था चरमरा गई है। मरीजों की जांच से लेकर स्लाइन व मरहम पट्टी तक का काम डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। टेक्नीशियन व रेडियो ग्राफरो की कमी के कारण विभिन्न तरह के जांच प्रभावित हो रहे हैं। वही बड़े अस्पतालो में रुटीन सर्जरी को भी टालना पड़ रहा है। जिला अस्पताल सहित तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिला अस्पताल में ओ पी डी का काम तो डॉक्टरो ने आसानी से संभाल लिया।वहीं वार्डो में भर्ती मरीजों की देखभाल में होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए भर्ती कम गंभीर मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। वही गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए भी समस्या बनी हुई है तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के नहीं आने की वजह से अस्पताल की सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है।

* हम सभी संविदा कर्मियों ने अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर तीसरे दिन तहसील कार्यालय के पास जयस्तंभ चौक में हड़ताल कर रहे संविदा कर्मियों ने मानव शृंखला बनाकर व कांग्रेस के घोषणा पत्र को कांग्रेस सरकार को याद दिलाकर उनकी प्रतियो को जलकर अपनी मांगों को पूरा करने की बात कहे हैं।

**पूरन दास, संविदा स्वास्थ्य कर्मी संघ जिलाध्यक्ष बेमेतरा**

* हम सभी संविदा कर्मियों ने मिलकर एक जुटता का परिचय देते हुए मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांगों को राज्य सरकार को याद दिलवाने के लिए हम लोग अपनी मांगों को रख रहे हैं।

**कुलेश्वरी देवांगन,लड बैंक जिला अस्पताल बेमेतरा**

# विधायक लालजीत सिंह राठिया ने किया यूथ सेंटर एवं पुस्तकालय का लोकार्पण

1914 में बने जीर्ण-शीर्ण स्कूल परिसर का 109 वर्षों के बाद हुआ कायाकल्प








जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सन् 1914 ब्रिटिश शासन काल के दौरान घरघोड़ा मुख्यालय में बने शासकीय प्राथमिक स्कूल ने न जाने कितनों की इस परिसर में शिक्षा के माध्यम से जीवन संवारा होगा। लेकिन वहीं परिसर कई सालों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में अपने कायाकल्प की बाट जोह रहा था। जिसको साकार किया कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की सोच ने। जिनके माध्यम से आज यह परिसर का पूर्णता जीर्णोद्धार हो चुका है। अब यहां बच्चों को शिक्षा के साथ कई सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो चुकी है। जिसका आज धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने लोकार्पण किया। कलेक्टर सिन्हा की पहल पर एनटीपीसी लिमिटेड तलाईपाली के सहयोग से शासकीय प्राथमिक स्कूल एवं यूथ सेंटर का आज जीर्णोद्धार किया गया। मुख्य बात यह है कि पूर्व में यहां केवल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में शासकीय प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहा था। लेकिन अब यह शासकीय प्राथमिक स्कूल मॉडल स्कूल के रूप में सुसज्जित हो चुका है। इसके साथ ही यहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने यूथ

**कलेक्टर सिन्हा के पहल पर जीर्णोद्धार के साथ अब बच्चों के लिए बढ़ी सुविधाएं**

सेंटर में लाईब्रेरी, डिजिटल लाईब्रेरी, वाई-फाई के साथ ही बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास, प्ले रूम, स्पोर्ट्स रूम, बैडमिंटन कोट के अलावा सभाकक्ष भी बनाया गया है। जिससे आज एक ही परिसर में बच्चों को कई प्रकार की सुविधाएं मुहैय्या हो रही है। आज घरघोड़ा में स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर स्थित यूथ सेंटर घरघोड़ा का जीर्णोद्धार एवं पुस्तकालय का लोकार्पण कार्यक्रम में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की सोच शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर करना है।

इसका परिणाम है कि धरमजयगढ़ के हाटी में पुस्तकालय के साथ आज घरघोड़ा में बच्चों के लिए यूथ सेंटर प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां प्रतियोगिता परीक्षा के लिए बच्चों को बेहतर वातावरण मिलेगी। उन्होंने बच्चों को पढ़ने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि शासन वर्तमान में स्कूली शिक्षा को फोकस कर कार्य कर रही है। जिसके तहत आज पूरे प्रदेशभर में स्कूलों का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। वहीं जिले के लिए स्वीकृत राशि प्रदेश भर के जिलों में सबसे अधिक है। जिले में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके साथ ही शासन ने सभी वर्गो को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। जैसे बेरोजगारों के लिए बेरोजगारी भत्ता, किसानों के लिए समर्थन मूल्य में धान खरीदी, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौठान में भी विभिन्न गतिविधियां संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य में जनभागीदारी आवश्यक है। यूथ क्लब के रीना बंसे, यश अग्रवाल एवं वैशाली सिंह राजपूत ने कहा कि युवा केन्द्र के बनने से उन्हें अब पढ़ाई के लिए एक उपयुक्त प्रतियोगी माहौल मिला है। उन्होंने इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। जिला प्रशासन के कार्य से प्रभावित होकर घरघोड़ा के वरिष्ठ नागरिक शिव कुमार शर्मा ने बच्चों के बेहतर शिक्षा हेतु पुस्तकों के लिए 2 लाख रुपये का दान किया।

# जिले में अवैध रूप से उर्वरक विक्रय की शिकायत पर सूर्या ट्रेडर्स जैजैपुर को किया सील

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद बीज की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही उर्वरक की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिले में अवैध रूप से उर्वरक विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर जिला स्तरीय उर्वरक गुण नियंत्रण दल द्वारा सूर्या ट्रेडर्स जैजैपुर को सील किया गया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जैजैपुर तहसील के आमगांव कारीभावर ग्राम में मेटाडोर से घर-घर खाद पंहुचाने की सूचना प्राप्त होने पर जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर के टीम द्वारा जांच किया गया। जांच में कुछ किसानों द्वारा खाद लेना पाया गया। जिस पर आपूर्तिकर्ता के दुकान में दबिस दी गई। आपूर्तिकर्ता दादुलाल साहु के द्वारा बिना पीओएस मशीन के खाद कृषकों के घर तक पंहुचा कर दिया जा रहा था। जांच टीम के द्वारा आपूर्तिकर्ता के कांशीगढ़ एवं जैजैपुर स्थित विक्रय स्थल का जांच किया गया। कांशीगढ़ का विकय स्थल बंद पाया गया। विक्रेता के कचंदा रोड जैजैपुर स्थित सूर्या ट्रेडर्स प्रो. दादुलाल साहू विकय स्थल में जांच करने पर कई प्रकार की अनियमितता पाई गई। जांच के दौरान एक ही परिसर में खाद, बीज, दवा का भण्डारण पाया गया। उनके पास बीज का लायसेंस नहीं है। दवा के लायसेंस में विगत दो वर्षों में वैध प्रिंसपल सर्टिफिकेट की प्रविष्टी नहीं कराई गई है तथा खाद का बिना कागजात के भण्डारण पाया गया। विक्रेता के द्वारा खादए बीजए दवा अधिनियम के प्रावधानों का उल्लघन पाये जाने पर विक्रेता सूर्या ट्रेडर्स प्रो. दादुलाल साहु का विक्रय स्थल जो एक ही परिसर मे स्थित है, को सीलबंदी कर व्यापार प्रतिबंध किया गया हैं। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन पर जिले के सभी खाद, बीज, दवा विक्रेताओं के विक्रय स्थल का संघन जांच किया जा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दुकानों से सेम्पल लेकर जांच हेतु भेजे जा रहें है। ताकि कृषकों को मानक गुणवत्ता का सामग्री प्राप्त हो सके। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही भी की जा रही है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि विक्रेताओं के विक्रय स्थल का जांच निरंतर जारी रहेगा तथा अनियमितता पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही भी की जावेगी।



# किराना व्यापारी से हुई साढ़े 22 की लूट मामले में पुलिस ने मां बेटे एवं दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढढ़-सक्ति।

सक्ती जिले मे एक महीने पहले थोक किराना व्यापारी से हुई साढ़े 22 की लूट के मामले में पुलिस ने मां बेटे और दो नाबालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांच आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे है। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख 10 हजार रुपए जब्त किया गया है। एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे प्रेस कान्फ्रेस कर खुलासा किया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सक्ती निवासी भारत अठवानी 59 वर्ष थोक किराना व्यापारी है। वह 5 जून 2023 को अपने नौकर राजेश यादव और सेल्समैन सोमनाथ मजूमदार को लेकर गल्ला किराना का पैसा वसूली करने के लिए गया था। पैसा वसूली कर वह वापस सक्ती आ रहा था। वह रात्रि करीब 7.30 बजे मोहंदीकला मोड़ के पास पहुंचे थे। उसी समय बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे और उनकी बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। फिर पैसों से भरा थैला लूटकर फरार हो गए। जिसके बाद आनन फानन में व्यापारी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। व्यापारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 162/2023 धारा 392, 34 दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गए थे पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को पकड़ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन मे विशेष टीम गठित किया गया। विशेष टीम ने आरोपियों की पतासाजी के लिए क्षेत्र मे मुखबिर को सक्रिय कियाए मोबाइल लोकेशन निकलवाया गया।

विशेष टीम द्वारा घटना दिनांक से लगातार संदेहियों से पूछताछ किया जा रहा था। टीम द्वारा संदेही सिद्धांत शर्मा उर्फ विक्की, मंजू शर्मा एवं दो विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपियों से लूट की रकम 10 लाख 10 हजार रुपए को जप्त किया गया है। आरोपी सिद्धांत शर्मा उर्फविक्की पिता लखेश्वर शर्मा ;28 वर्षद्धए मंजू शर्मा पति लखेश्वर शर्मा 50 वर्ष, दोनों साकिन पुरानी बस्ती वार्ड नं 9 खरसिया थाना खरसिया जिला रायगढ़ और विधि से संघर्षरत दो बालकों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के पांच आरोपी अब भी फरार है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने बताया कि किराना थोक व्यापारी से साढ़े 22 लाख रुपए की लूटपाट करने वाले मां बेटे और दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले के पांच आरोपी अब भी फरार है। जिनका नाम हरिओम वर्मा, रोशन यादव, पुष्पेंद्र महंत, प्रशांत मिश्रा उर्फपिंटू, प्रशांत शर्मा उर्फडेडेन है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# सुचारू रूप से संचालित रही स्वास्थ्य सुविधाएं, जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** जिले में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर नियमित एवं संविदा पैरामेडिकल स्टॉफ के हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित रही। जिला रायपुर के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विभाग प्रमुख मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पूर्व सूचना के आधार पर कि दिनांक 04 जुलाई से संविदा एवं नियमित कर्मचारियों के द्वारा जिसमें प्रमुख रूप से पैरामेडिकल स्टॉफ एवं कार्यालयीन स्टॉफ द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल में जा रहे है। इस सूचना के आधार पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एवं जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिनव मिश्रा जी के निर्देशानुसार सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजो को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस हेतु वैकल्पिक व्यवस्था एवं आपात कालिन सेवाओं में अन्य स्टॉफ की ड्यूटी लगा ली गई है।



## एक नजर

### सुरही नदी पर निर्मित पुल की लायटिंग टाइमर सही की गई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

सुरही नदी पर निर्मित पुल पहुंच मार्ग पर रोड लायटिंग वर्तमान में एक तरह से आम जनों के सुविधा के लिए सुचारु रुप से संचालित है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, विद्युत यांत्रिकी ने बताया कि विद्युत कार्य पूर्ण होने के बाद उक्त रोड लायटिंग का परीक्षण के दौरान टाइमर सेट किया जाना होता है। इस टाइमर सेट के पैनल को असमाजिक तत्वों के द्वारा छेड़खानी होने के कारण टाइमर में तकनिकी गड़बड़ी हुई है, जिससे दिन में लाइट चालू होने की स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान में शाम 06:00 बजे से सवेरे 06:00 बजे तक का टाइमर सेट कर दिया गया है। अब उक्त समय में लाइट चालू रहती है। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय समाचार पत्र में छपी खबर में वस्तु स्थिति बताते हुए विभागीय अधिकारी ने कहा कि नदी पर निर्मित पुल मीटर कनेक्शन नहीं होने के कारण दोनों तरफ की लाइट चालू नहीं हो सकी है। आम जन की सुविधा और रात्रि में आवागमन की सुविधा के लिए एक तरफकी लाइट चालू की गई है। मीटर कनेक्शन का कार्य पूर्ण होते ही दूसरी तर का लाइट चालू की जाएगी।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आगामी 11 जुलाई 2023 को शाम 04 बजे कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा,वर्ष 2023-24 में खरीफ एवं रबी सिंचाई का लक्ष्य,खाद,बीज की उपलब्धता तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने समिति के सभी सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु नामांकन 15 अक्टूबर तक

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा

भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान की जाती है। जिले के ऐसे बालक-बालिका जिनके द्वारा अपनी जान की परवाह किए बैगर दूसरे की जान बचाने हेतु किए गए बहादुरी के अनुकरणीय कार्य से संबंधित नामांकन प्रस्ताव जिलास्तर से आमंत्रित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से मिली जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2023 के पूर्व, भारतीय बाल कल्याण परिषद् ,नई दिल्ली को प्रेषित किया जाना है। इस हेतु जिले के राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु पात्रताधारी बालक-बालिका आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के साथ 15 अक्टूबर 2023 तक वेबसाईट में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन की एक प्रति संबंधित परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना समस्त महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा को उपलबध कराएं। पुरस्कार एवं आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट में अथवा कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता हैं

### नैनो यूरिया लेने किसानों में बढ़ा रुझान, समितियों के माध्यम से किया जा रहा वितरण

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

मानसून के आगमन के साथ ही जिले के किसान खेती किसानी के कार्य में व्यस्त हो गए हैं। जिले में धान सहित अन्य फसल किसान खरीफ सीजन में लेते हैं। शासन द्वारा किसानों को समय पर खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट वितरण की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर संजीव कुमार झा द्वारा भी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि जिले के किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा खाद बीज वितरण एवं भण्डारण की जानकारी भी लगातार ली जा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कोरबा के नोडल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण है। जिले के किसानों को समय पर खाद का वितरण किया जा रहा है। यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में नैनो यूरिया समितियों में भण्डारित है। इसे प्राप्त करने किसानों द्वारा रूचि भी दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में 10200 मीट्रिक टन रासायनिक खाद लक्ष्य के विरुद्ध 84 प्रतिशत खाद का भण्डारण 41 सहकारी समितियों में अब तक किया जा चुका है। साथ ही जिले में यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में नैनो यूरिया लिक्विड 5700 लीटर भण्डारित किया गया है। यूरिया दानेदार के वैकल्पिक रूप में उपलब्ध नैनो यूरिया लिक्विड के प्रति किसानों का रूझान बढ़ रही है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में सभी रासायनिक खाद उपलब्ध हैए जिसका उठाव कृषकों द्वारा अपनी सुविधा एवं आवश्यकता अनुसार किया जा रहा हैए जिन समितियों में यूरिया एवं अन्य खाद की कमी है उन समितियों में भंडारण हेतु आरओडीडी जारी करवाये जा रहे हैं।

# कलेक्टर को जनदर्शन के माध्यम से अपनी समस्याएं बताने के लिए दूर-दूर के गांव से पहुंच रहे ग्रामीण

* जनदर्शन में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर दराज के गांवों से आये आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों के दूर-दराज गांव से ग्रामीण अपनी समस्याएं कलेक्टर को बताने के लिए पहुंचते हैं। जनदर्शन में कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में सक्ती विकासखंड के ग्राम पंचायत बैलाचुवा के सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य सहित ग्रामवासियों ने स्कूल के दो शिक्षकों के संबंध में शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुंचेए जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को वस्तुस्थिति की जानकारी जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मालखरौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छोटे रबेली निवासी टेकराम पिता हीरामनी ने हल्का पटवारी के द्वारा वंशावली जांच प्रस्तुत नहीं किए जाने के सम्बंध में आवेदन लेकर पहुंचे, ऊन्होंने बताया कि हल्का पटवारी के द्वारा आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की जानकारी पेश नहीं किया गया है और पटवारी के पास जाने पर काम नहीं किया जा रहा है। एवं मेरे बिना हस्ताक्षर के हिस्सेदार मेरे जमीन को बेच दिए हैं। जिस वजह से आज उक्त संबंध में सूचना दर्ज कर जांच कर उचित कार्रवाई करने की आवेदन लेकर जनदर्शन पहुंचे, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संबधित अधिकारी को बुलाकर आवश्यक जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में सक्ती के शंकर नगर वार्ड नं 04 निवासी कुन्ती बाई साहू ने विद्युत कनेक्शन लगाने जाने की समस्या को लेकर आवेदन लेकर पहुंचे, बाराद्वार तहसील के ग्राम बस्ती बाराद्वार निवासी जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने गंगा जमुना तालाब के बीच में अवैध कब्जा कर घर बनाने के संबंध में पहुंचे, सक्ती तहसील के ग्राम सकरेली कला निवासी पुनीराम यादव ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने के संबंध में पहुंचे, अड़भार तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहंदी खुर्द निवासी अध्यक्ष पवन सिंह शाखा प्रबंधक समिति व सदस्यगण ने सहायक शिक्षक एलबी, के ट्रांसफर के संबंध में पहुंचे, जैजैपुर विकासखंड के ग्राम सेंदरी निवासी गोरेलाल बर्मन ने ग्राम पंचायत सेंदरी को तहसील हसौद से जैजैपुर करने सहित अन्य विभिन्न ग्रामीणों द्वारा राजस्व, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय, पेंशन भुगतान, मजदूरी भुगतान, मुआवजा, भूमि विवाद, राशन कार्ड, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाता है।

# हड़ताल का तीसरा दिन,संविदा कर्मचारियों ने भव्य मानव श्रृंखला का किया आयोजन

6 जुलाई को किया जाएगा आमरण अनशन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जिला मुख्यालय के न्यू बस स्टैंड में 3 जुलाई दिन सोमवार से संविदा कर्मचारी ने हड़ताल का आगाज किया इसके साथ ही नियमितीकरण का नारा बुलंद किया छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि हमारी सरकार बनते ही 10 दिन में सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाएगा। सत्ता में आने के बाद अब साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है जिसे लेकर सभी संविदा कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। संविदा कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने से कई विभाग के कार्य बंद हो गए हैं और कई विभाग के कार्य प्रभावित हो गए हैं। हड़ताल के कारण विभागों के काम रुके हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभा, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क योजना, महिला एंव बाल विकास विभागों सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होगा। यह जानकारी सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृजलाल पटेल ने दी है। 54 विभाग के कर्मचारी कर रहे आंदोलन दूसरे राज्यों में संविदा कर्मचारियों के भविष्य को लेकर पाजिटिव निर्णय लिए जा रहे हैं।। अंतिम बजट में यदि सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है तो 54 विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी उग्र आंदोलन करेंगे नियमितिकरण की मांग को लेकर 33 जिले के 45 हजार से अधिक संविदा कर्मचारी सरकारी कामकाज ठप करते हुए हड़ताल पर हैं। मानव श्रृंखला का आयोजन मीडिया प्रभारी गणेश यादव ने बताया कि आज सूरजपुर जिले के हाई टेक नई बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कर बहुत संख्या में आए हुए संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण किए गए वादे को याद दिलाने के लिए विशाल संख्या में मानव श्रृंखला बनाया गया। संविदा कर्मचारी के जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से जो जनहित को नुकसान एवं हानि हो रही है उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है संविदा कर्मचारियों का कतापी हड़ताल पर जाने का मंशा नहीं था परंतु विवस होकर संविदा कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल पर जाना पड़ा। आपको बता दें कि कल 6 जुलाई को कर्मचारियों के द्वारा आमरण अनशन का कार्यक्रम रखा जाएगा।

## विधानसभावार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर की गई चर्चा

# मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण महत्वपूर्ण, मतदाताओं को मिले सुविधा-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, प्रस्ताव ऐसे भेजे जिससे मतदाताओं को मतदान में सुविधा हो। उक्त बातें कलेक्टर सिन्हा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक में कही। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर सिन्हा ने बैठक लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के संबध में विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में नवीन मतदान केन्द्र का प्रस्ताव 2, भवन परिवर्तन के 11, स्थल परिवर्तन के 3, मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन के 4 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ में भवन परिवर्तन के 8, स्थल परिवर्तन के 7, मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन के 1, विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया में भवन परिवर्तन के 19 एवं मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन के 9 तथा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 19 धरमजयगढ़ में नवीन मतदान केन्द्र का प्रस्ताव 10, भवन परिवर्तन के 11, स्थल परिवर्तन के 3 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन 6 एवं अनुभाग का नाम परिवर्तन के 04 प्रस्ताव आए है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि प्रस्ताव भेजे तो ध्यान रखे मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण से मतदाताओं के लिए सुविधाजनक हो। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि इसमें खासतौर उन मतदान केन्द्रों को शामिल किया जा रहा है, जिस मतदान केन्द्र की दूरी अधिक है, जहां 15 सौ से अधिक मतदाताओं की संख्या है, मतदान केन्द्र जर्जर या टूट गए अथवा केंद्र जिसका नाम चेंज करना है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने राजनैतिक दलों से सुझाव भी लिए।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 02 अगस्त 2023 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाना है तथा 02 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक विधान सभावार स्थापित मतदान केन्द्र में बूथ लेवल अधिकारी एवं अविहित अधिकारी के द्वारा मतदान केन्द्र क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फार्म-6, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 तथा संसोधन हेतु फार्म -8 प्राप्त किए जाने हैं। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को विधान सभावार मतदान केन्द्रों के लिए अपनी पार्टी की ओर से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कराने एवं नियुक्त बूथ लेवल एजेंट की सूची विधानसभावार पृथक रूप से कार्यालय में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इस दौरान सभी राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधियों से कहा कि जिले में कई मतदान केन्द्र ऐसे जहां औसत वोटिंग होती है, ये ज्यादातर औद्योगक क्षेत्र है, उन्होंने आग्रह किया कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर कार्य किया जाए। उन्होंने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से बीएलओ के द्वारा सर्वे के कार्य में 18 वर्ष के नए मतदाओं का नाम जुडवाना, मृत अथवा स्थानांतरित लोगों का नाम विलोपन एवं नवविवाहितों का नाम विलोपन व जुड़वाने कार्य में सहयोग प्रदान करें। जिससे मतदाता सूची बेहतर हो सके। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने पोस्टर बैलेट के अच्छे से प्रशिक्षण से प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।



### आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सेक्टर अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

#### निर्वाचन कार्य में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण, नहीं होनी चाहिए लापरवाही

आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय ने सृजन सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों के कार्य एवं दायित्व के संबंध में प्रशिक्षण दिए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण हैं और इसमें आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी, इसके लिए आपको सुनिश्चित करना होगा की कही भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी का क्या कर्तव्य है, जानकारी होने के साथ निर्वाचन आयोग से संबंधित जानकारी से अपडेट होते रहे कि आपकी भूमिका क्या है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि आपकी जिस क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई हैं, उन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें एवं सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्र के परिवर्तन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों की दूरी, मतदाता की संख्या एवं पार्टी कार्यालय के पास न हो सुनिश्चित कर ली जाए।

*उन्होंने मतदान केंद्रों में रैंप, पेयजल, बैठक, शौचालय जैसे सुविधाएं सुनिश्चत करने के साथ 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग जनों के लिए डाकमत पत्र के संबंध में सुविधा प्रदान करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने सेक्टर अधिकारियों को कार्य और दायित्व, मतदान स्थल, मतदाताओं के विषय में, मानचित्रण असुरक्षा के विषय में, मतदान की पूर्व संध्या पर दायित्व, मतदान वाले दिन का दायित्व, किस प्रकार की सूचना और सुविधाएं होनी चाहिए, सेक्टर अधिकारियों को दी जाने वाले सामग्री, सेक्टर अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जानी वाली रिपोर्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।*

## एक नजर

### आगामी चुनाव को लेकर सरगुजा आईजी के नेतृत्व में आयोजित की गई अंतर्राज्यीय संयुक्त बॉर्डर समीक्षा बैठक

शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने विभिन्न विषयों पर की गई विस्तृत चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़ - बलरामपुर।




आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के सभाकक्ष में अंतर्राज्यीय संयुक्त बॉर्डर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सरगुजा रेंज के बलरामपुर, सूरजपुर, सरगुजा और जशपुर के साथ-साथ जिले से लगने वाले तीनों पड़ोसी राज्यों के पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सम्मिलित हुए।

समीक्षा बैठक में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रामगोपाल गर्ग, राजकुमार लकड़ा पुलिस महानिरीक्षक पलामू डी. रविशंकर पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर, रिमिजियुस एक्का कलेक्टर बलरामपुर, डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, रेना जमील मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर, शेखर जमूआर कलेक्टर गढ़वा, अंजनी कुमार झा पुलिस अधीक्षक गढ़वा, भोर सिंह यादव कलेक्टर लातेहार, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक लातेहार, आई. कल्याण एलेसेला पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, कुन्दन कुमार कलेक्टर सरगुजा, श्री सुनिल शर्मा पुलिस अधीक्षक सरगुजा, डॉ. रवि मित्तल कलेक्टर जशपुर सम्मिलित हुए।

समीक्षा बैठक का उद्देश्य जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ सम्पूर्ण जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना है। इस अवसर पर चुनाव के दौरान किसी भी तरीके के नकारात्मक गतिविधियों को रोकने के लिए एजेण्डावार विचार-विमर्श करते हुए सभी क्षेत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी/सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीमावर्ती जिलों, अनुभागों एवं थाना क्षेत्र के संबंध में जानकारी साझा की गई। जिन क्षेत्रों में लोगों का आवागमन होता है उन सभी क्षेत्रों में नाका प्वाईंट लगवाने के संबंध में, गुण्डा-बदमाश, अपराधियों एवं स्थायी वारंटियों के धरपकड़ के संबंध में अन्य राज्यों से भी कार्यवाही हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, राजस्व सहित विभिन्न विभागों में आपसी समन्वय बेहतर करने के संबंध में चर्चा की गई। क्षेत्र के संवेदनशील हॉट-स्पॉट का चिन्हांकन करने, संयुक्त नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सूचना तंत्र को मजबूत करने, अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए संयुक्त मैकेनिज्म को कारगर बनाने एवं फिक्सड पिकेट के साथ मोबाइल चेकिंग के संबंध में आवश्यक जानकारियों को साझा किया गया। इसके अलावा सम्पूर्ण विधानसभा चुनाव के दौरान संचार व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रामगोपाल गर्ग ने बलरामपुर की सीमा से लगने वाले पडो़सी राज्य झारखण्ड के गढ़वा, लातेहार और गुमला क्षेत्रों के संबंध में कहा कि यहां नक्सल गतिविधियां होती रहती हैं जिसके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। बलरामपुर के भूताहीमोड़, बंदरचुआं, पुंदाग एवं सबाग कैम्प की स्थापना होने पर नक्सली गतिविधियों पर जिस प्रकार सफलतापूवर्क अंकुश लगाया गया उसके लिए उन्होंने पुलिस प्रशासन की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बूढ़ापहाड़ जैसे पहुंचविहीन एवं अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस एवं सी.आर.पी.एफ. की उपस्थिति से क्षेत्र के लोगों में पुलिस एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। निश्चित तौर पर यह जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने में अपनी सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले की भौगोलिक स्थिति एवं नक्सल गतिविधियों व आगामी चुनावी रणनीति के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सुचारू संचालन के लिए जिले में बनाया गया स्वास्थ्य कुटीर

स्वास्थ्य कुटीर वृद्धजनों सहित अन्य लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दूरस्थ अंचल के लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उददेश्य से मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लीनिक योजना का प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से दूरस्थ अंचल के लोगों को बिना किसी परेशानी के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही हाट-बाजारों में बिना की बाधा के लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से मिल सके इस हेतु जिले के विभिन्न विकासखण्डों में चिन्हांकित हाट.बाजारों में डॉक्टारों के बैठने के लिए स्वास्थ्य कुटीर बनाने के लिए स्वीकृति दी गई है। जहाँ डॉक्टरों द्वारा बैठकर इलाज करने में आसानी होगी, साथ ही वर्षा, पानी, धूप से भी बचाव होगा। इसी कड़ी में जिले में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में स्वीकृत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कुटीर का निर्माण 1 लाख 33 हजार की लागत से 21 ग्राम पंचायत में कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत के बाजार के दिन बाजार में आये हुए ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं जांच उपरांत उनको उचित इलाज किया जा रहा है। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कुटीर बनने से ग्राम पंचायत के बूढ़े बुजुर्ग सहित अन्य लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। उन्हें स्थानीय स्तर पर ही ईलाज की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य कुटीर से ग्रामीणों के लिए अत्यधिक सुविधा मिल रहा है। बाजार के दिवस में ही स्वास्थ्य कुटीर में स्वास्थ्य जांच होने से बाजार के साथ.साथ स्वास्थ्य संबंधी जांच भी हो रहा है। हाट बाजारों में शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता था। अब स्थाई रूप से स्वास्थ्य कुटीर बनाने से सुविधाएं और भी बढ़ गई है। डॉक्टरों द्वारा परीक्षण के उपरांत उन्हें तत्काल निःशुल्क दवाई एवं परामर्श प्रदान की जाती है। जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर एवं घर के नजदीक ही आसानी से स्वास्थ्य ईलाज का लाभ मिल रहा है। हाट-बाजार क्लीनिक योजना से लोगों का समय के साथ पैसों की भी बचत हो रही है और नियमित रूप से स्वास्थ्य सुविधा मिल पा रहा है। ईलाज के लिए दूर-दूर जाना भी नहीं पड़ता। हाट-बाजार में खून जांच, बीपी-शुगर जांच, मलेरिया, टाइफ इड सहित अन्य बीमारियों का भी जांच होता है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत अब तक कुल 112 हाट बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कुल 7072 शिविर लगाकर 606422 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। साथ ही शिविर के माध्यम से लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया है। जिसमें फ रसाबहार में 1133 शिविर में 88265 मरीजए पत्थलगांव में 1153 शिविर में 103085 मरीजए कांसाबेल में 768 शिविर में 65963 मरीज, दुलदुला में 943 शिविर में 87058 मरीज, कुनकुरी में 879 शिविर में 677664 मरीज, बगीचा में 1392 शिविर में 120929 मरीज, जशपुर में 383 शिविर में 29618 मरीज एवं मनोरा में 421 शिविर लगाकर 233840 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभान्वित किया गया है।



* वर्षा, पानी, धूप में आसानी डॉक्टरों बैठकर कर रहें हैं ईलाज
* दूरस्थ अंचल के लोगों को मिला रहस्वास्थ्य लाभ
* अब तक हाट बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 606422 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




### संजय ने बुनकर के काम से आर्थिक स्थिति की मज़बूत

**महासमुंद** । छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हाथकरघा उद्योग का रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य में यह उद्योग हाथकरघा बुनाई के परम्परागत धरोहर को अक्षुण बनाये रखने के साथ ही बुनकर समुदाय के समाजिक, सांस्कृतिक परंपराओं को प्रतिबिंबित करता है। हाथकरघा उद्योग एक मुख्य कुटीर उद्योग के रूप में स्थापित है। हाथकरघा उद्योग में रोजगार की विपुल संभावनाओं और हाथकरघा बुनाई की समृद्ध परम्परा, हाथकरघा बुनकरों और हाथकरघा उद्योग को और अधिक बढ़ावा देने के लिये शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित की जा रही है।

पूरे छत्तीसगढ़ के साथ ही महासमुंद ज़िले में सैंकड़ों परिवार बुनकर एवं महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बुनाई एवं सिलाई के माध्यम से रोजगार मिल रहा है। पड़ोसी राज्य ओड़िशा के अलावा महासमुंद जिले के कुछ हिस्सों में भी संबलपुरी साड़ी का उत्पादन किया जाता है।

# चिटफंड कंपनी के निवेशकों को धनराशि वापस दिलाने जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा

प्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले में चिटफ ण्ड कंपनी के निवेशकों की धनराशि वापस दिलाने हेतु जिला प्रशासन सतत् प्रयासरत् है। ठगी करने वाली चिटफं ड कंपनियों के विरुद्ध निरंतर कठोर कार्रवाई एवं उनकी सम्पत्तियों को कुर्क कर निवेशकों को राशि वापस की जा रही है। कोरबा तहसील के ग्राम कोरबा में बीएन् गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाइड लिमिटेड की पटवारी हल्का नंबर 16 में स्थित भूमि जिसका कुल खसरा नंबर 188/1/क/1 है। उक्त स्थित भूखण्ड 16 एवं 16 बी में निर्मित दुकानों के अंतर्गत दुकान क्रमांक 16, 1208 वर्गफीट एवं दुकान कमांक 17 क्षेत्रफल 1302 वर्गफ ीट है। इन दुकानों को विशेष न्यायाधीश, सीजीपीडीआई कोरबा के दाण्डिक एम.जे.सी.क्रमांक 21/2022 में 15 नवंबर 2022 को पारित आदेश के अनुसार अत्यांतिक आदेश पारित किया गया है। जिसके फ लस्वरूप जिला दण्डाधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा 21 नवंबर 2022 को आदेश पारित कर तहसीलदार कोरबा को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित किया गया। तहसीलदार कोरबा द्वारा उक्त भूखण्ड की 17 लाख 81 हजार रूपए में नीलामी की कार्यवाही पूर्ण की गई है। नीलामी की राशि को निर्देशानुसार हितग्राहियों को वितरित किया जाना है। तहसीलों से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त कंपनी में जिले के 2394 निवेशकों द्वारा राशि निवेशित की गई है। जिसके निवेशकों को भुगतान की कार्यवाही किया जाना है। इसी प्रकार सर्वमंगला प्राप्टी इंडिया लिमिटेड के निवेशकों को राशि वितरित किया जाना है।

**ठगी करने वाले कंपनियों की संपत्ति कुर्क कर निवेशकों को वापस की जा रही धनराशि**

अपर कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को बीएन गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाइड एवं सर्वमंगला प्रापर्टीज इंडिया लिमिटेड के निवेशकों की आवश्यक जानकारी आगामी 3 दिवस के भीतर प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत निवेशकों की कंपनी में निवेश किए जाने संबंधी मूल बाण्ड पेपर व निर्देशित राशि का मूल रसीद पत्र, आधार कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि, बैंक खाता क्रमांक व आईएफएससी कोड, पासबुक मुख्य पृष्ठ की सत्यापित प्रति एवं मोबाईल नंबर शामिल हैं।

*उन्होंने उक्त जानकारी प्राप्त करने हेतु तहसील कार्यालय में पृथक से काउंटर की व्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा है। साथ ही पूर्व में उक्त कंपनियों के छूट हुए निवेशकों से मूल बॉण्ड पेपर प्रस्तुत करने की स्थिति में उन्हें भी सूची के अंत में शामिल कर इस आशय का रिमार्क अंकित करने के निर्देश दिए हैं एवं एक बैंक के खाताधारक सभी निवेशकों की सूची में एंट्री पश्चात दूसरे बैंक के खाताधारकों की एंट्री प्रारंभ की जाएगी। अपर कलेक्टर ने निवेशकों की डाटा एंट्री में किसी प्रकार की त्रुटि न हो इस बात का विशेष ध्यान देने के लिए कहा है तथा समय सीमा में एंट्री कार्य पूर्ण कर जानकारी सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में कार्यालय कलेक्टर नाजरात शाखा को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है।*

# कुसमी विकासखंड स्तरीय नव प्रवेश शाला उत्सव कार्यक्रम

बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर पुस्तक वितरण कर नव प्रवेशी छात्रों को शाला प्रवेश कराया गया

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



विकासखंड स्तरीय नव प्रवेशी शाला प्रवेश उत्सव संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य व जनपद उपाध्यक्ष हरिश मिश्रा विशिष्ट अतिथि में विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुसमी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना करने के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज के इस शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सभी मंचासिन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कक्षा पहली, कक्षा 6 वीं एवम कक्षा 9 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस केमटी अध्यक्ष हरिश मिश्रा सहित सभी मंचासिन अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा पुस्तक वितरण कर नव प्रवेशी छात्रों को वर्ष 2023 के शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश कराया गया। आज के इस शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुसमी द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने विकासखंड स्तर पर संचालित सभी विद्यालय के बारे में अवगत कराया गया। तत्पश्चात संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज सहित शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष एवम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हरिश मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हुमंत सिंह, जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह, बी डी सी खसरु बुनकर, बी डी सी देवधन भगत द्वारा इस कार्यक्रम को संबोधित किया गया। सभी मंचासिन अतिथियो द्वारा आज के इस शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज द्वारा शाला प्रवेश उत्सव पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों के लिए दिए गए पुस्तक का संदेश वचन करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों पढ़कर सुनाया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जाने वाली छात्र-छात्राओं की समस्त सुविधाओ के बारे में बताया गया।

जनपद उपाध्यक्ष,हरिश मिश्रा शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष एवम जनपद पंचायत कुसमी के उपाध्यक्ष हरिश मिश्रा द्वारा उपस्थित शिक्षक एवम छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यह कहा गया की अगले वर्ष की भांति इस वर्ष शासकीय बिद्याल में शिक्षा का औसत प्रतिशत कम है कही न कही कुछ कमी है इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। साथ ही सरकारी स्कूल के शिक्षक होकर अपने अपने बच्चो को प्राइवेट विद्यालय में पढ़ाते है। इसका मतलब शासकीय विद्यालय में पढ़ाई नहीं हो पाती है सभी शिक्षक इस बात का ध्यान रखे की प्राइवेट विद्यालय से अच्छी शिक्षा शासकीय विद्यालय में दिलाने की कोशिश करे, जिससे यहां के बच्चे भी नीट एवम गेट जैसी परीक्षाओं में पास हो सके, साथ ही यह कहा गया की मुख्य मंत्री द्वारा सभी विद्यालयों के लिए जहा जैसी जरूरत है उन विद्यालय के लिए मरम्मत का कार्य एवम अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने हेतु राशि दी गई है अच्छे से अपनी निगरानी कार्य को करवाए। जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह अपने उद्बोधन में कहा गया की सभी बच्चे समय की बहुमूल्यता को ध्यान में रखते हुए समय से स्कूल जाए तथा अच्छे से पढ़ाई करें, यह पढ़ाई करने का समय जीवन में मात्र एक बार मिलता है। सभी छात्र अच्छे से पढ़कर अपने विद्यालय, मां बाप सहित जिला का नाम रौशन करें। पढ़ाई जीवन में बहुत ही जरूरी है, पढ़ने के साथ साथ अपने मां बाप एवम गुरुजन का आदर सत्कार करना सीखे ए साथ ही कई विद्यालय दुरस्त अंचल में बंद रहता है जहा शिक्षक समय से नही जाते है ऐसे जगहों पर निगरानी रखे तथा समय से शिक्षक पहुंचे संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण इसका ध्यान रखे, साथ ही दुरस्त अंचल के ऐसे सभी स्कूल जिनका छत खराब है दरवाजा सही नही है संबंधित विभाग के अधिकारी से सभी को तत्काल सुधार कराने की बात कही गई। साथ ही आज इस शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर विकासखड़ शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा फ लदार वृक्ष का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का सफ ल संचालन शिक्षक दीपक सिंहा द्वारा किया गया। आज के इस नव प्रवेशी शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सामरी विधायक एवम संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज, सहित शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष एवम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हरिश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी अनमोल विवेक टोप्पो, तहसीलदार शशिकांत दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी अभिषेक पाण्डेय,मुख्य नगरपालिका अधिकारी न प कुसमी नारायण साहू, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जन्मजय सिंह, राजेंद्र भगत, खसरू भगत, एल्डर मैन शुशील दुबे, विधानसभा महासचिव वेदांत भारती, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सैफ अली, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष संकल्प भगत, पंकज दुबे, दीपक तिवारी, सहित सभी संकुल के संकुल प्रभारी शिक्षक, शिक्षिका एवम छात्र-छात्राएं के साथ-साथ सभी पत्रकार बंधु सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ अभिभावकगण उपस्थित रहे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 6 जुलाई 2023

# कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### पात्र मतदाताओं को जोड़ने के लिए जिले में होगा डोर-टू-डोर सर्वे कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉण् प्रियंका वर्मा के द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन.2023 की तैयारी हेतु अनुविभागीय अधिकारीए ;राण्द्ध एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की उपस्थिति में समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की कार्यालय स्तर पर बूथ लेवल अधिकारियों की उपस्थिति में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिसमें बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर का डोर टू डोर परिवार का सर्वे करना एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण कर लेने वाले परिवार के समस्त सदस्यों की जानकारी एकत्रित कर उन्हें मतदाता पंजीकरण हेतु फार्म.7 भरने की कार्यवाही करना। अपने मतदान केन्द्र का एएसडी सूची तैयार करना। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का शुद्धिकरण धुंधले फोटो को अच्छी गुणवत्तापूर्ण फोटो से रिप्लेस करना, फोटो सिमीलरिटी एन्ट्री को दूर करने की कार्यवाही, मतदाता सूची में मतदाता के सरल क्रं में जम्पिंग त्रुटि का निराकरण, दिव्यांग एवं तृतीय लिंग मतदाता का चिन्हांकन, सामान्य त्रुटियों का निराकरण आदि करने के संबंध में कार्यवाही करना इत्यादि शामिल थे। इसके अलावा परिवार में अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत मतदाताओं की जानकारी प्राप्त कर स्थायी रूप से विस्थापित एवं मृत मतदाताओं हेतु विलोपन की कार्यवाही करने हेतु फार्म.7 भरकर आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता वह दिव्यांग माताओं के लिए केंद्र में उपलब्ध होंगी विशेष सुविधा. 80 वर्ष पूर्ण मतदाताओं की सूची एवं दिव्यांग मतदाताओं की सूची मतदान केन्द्रवार तैयार करना। 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र में आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना। इसके साथ भी 80 प्लस आयु के मतदाताए दिव्यांग मतदाता एवं नववधू मतदाताओं को सम्मानित भी किया जाता है। इसके साथ ही निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष–2023 के समस्त लंबित फार्म.06, 07 एवं 08 पर निर्देशानुसार कार्यवाही कर निराकरण करना। ग्राम पंचायत स्तर, हायर सेकेंडरी स्कूल एवं समस्त कॉलेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराना। लो वोटर टर्न आउट क्षेत्र में स्वीप की सघन गतिविधियां चलाकर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना। निर्वाचन नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 अक्टूबर, 2023 पर बीएलओ द्वारा दावा एवं आपत्ति फार्म प्राप्त करने की अवधि 02 अगस्त 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक अपने मतदान केन्द्र पर निर्धारित समय अनुसार प्रत्येक दिवस बैठकर फार्म लेने की कार्यवाही करना। मतदान केन्द्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं तथा एएमएफ, बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर, रैम्प, भवन की अच्छी स्थिति की उपलब्धता सुनिश्चित करना इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा एवं दिशा निर्देश दिए गए।



80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता व दिव्यांग को मतदान केंद्र में मिलेगी विशेष सुविधा

## गौठानों में निर्मित गोबर पेंट व ईंट का इस्तेमाल शासकीय भवनों में सुनिश्चित करें-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज आयोजित समय–सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में गौठानों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की पोर्टल में एंट्री के संबंध में जानकारी ली एवं उसे समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदिवासी छात्रों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृति के बारे में शिक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 11 बजे से आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण जारी करने संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से अस्थायी जाति प्रमाण पत्र और स्थायी जाति प्रमाण पत्र की एंट्री के कार्य में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को प्राथमिकता में लेते हुए जिले के गौठानों में निर्मित गोबर पेंट एवं ईंट का इस्तेमाल शासकीय भवनों में प्रमुखता से करने को कहा। इसके पश्चात् कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं एवं उनके क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली एवं संबंधित विभागों को समय पर कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल जतन योजना के तहत शाला भवनों की मरम्मत का कार्य, रीपा के गौठान में तैयार किए जा रहे मसालों की बिक्री कर उसका उपयोग स्कूल व छात्रावासों में और स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे स्कूल बैग का क्रय कर जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत उन्होंने सभी प्रकार का प्लांटेशन आगामी 10 अगस्त तक पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत लंबित प्रकरणों का निराकरण अगली समय.सीमा बैठक के पूर्व करने के निर्देश अधिकारी को दिए। हरेली पर्व से प्रारम्भ होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह सी–मार्ट्र आयुष्मान कार्ड, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, वर्मी कम्पोस्ट बिक्री, मुख्यमंत्री मितान योजना, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, सहकारी समितियों में बीज की उपलब्धता, सड़क मरम्मत कार्य एवं गोधन न्याय योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज सहित तीनों अनुविभाग के एसडीएम, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रीपा के कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त- जिपं सीईओ

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।




जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद सीईओ तथा आरईएस विभाग के एसडीओ की समीक्षा बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने गौठानों में अधूरे कार्य को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन गौठान में फेसिंग के कार्य पूर्ण नहीं हुए उन्हें तत्काल पूर्ण कराये। रीपा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। रीपा के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बरदास्त नहीं की जाएगी। गौठानों में रीपा के जितने वर्किंग शेड बन रहे हैं वे गुणवक्तापूर्ण बने। अभी बरसात का समय है इसलिए किसी रीपा केंद्र के वर्किंग शेड में पानी की सिपेज की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने वृन्दावन एवं चंदननगर के गौठानों के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। जिले का हर रीपा केन्द्र साफ–सुथरा और स्वच्छ दिखना चाहिए। यह समस्त जनपद सीईओ की जिम्मेदारी है। उन्होंने जनपदों में जितने भी मिट्टी के कार्य अधूरे उनका जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद सीईओ निर्देश देते हुए कहा कि जिले का प्रत्येक जनपद को प्रेरणादायी जनपद के रूप में विकसित करना है। इसके लिए सभी जनपदों में व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय बने, ग्रामीणों के शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बने तथा जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। उनकी जानकारी भेजे। जिससे उनकी सतत निगरानी कर तथा उनका चिंहाकंन कर उनके आयुष्मान कार्ड बनाये जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हरेली तथा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जाना है। समस्त अधिकारी इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दे उन्होंने जनपद सीईओ से डीएमएफमद से होने कार्यों शीघ्र पूर्ण करने के निर्देष दिये। साथ उन्होंने समस्त जनपद सीईओ का पहुंचविहीन पण्डों बस्ती की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस दौरान जनपद सीईओ निजामुद्दीन, विनय गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, आरईएस के एसडीओ, विमल सिंह, मीना मण्डल, रविशंकर सोनी, लवली चौधरी, हरिनारायण सिंह, अमित सहित अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी कंडरका पुलिस टीम की कार्यवाही

### ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत 03 स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिण्पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 1511/17, अपराध क्रमांक 255/17 धारा 294, 506, 323, 324 भादवि 25.27 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे स्थायी वारंटी गुलाब निषाद पिता सुदामा निषाद उम्र 28 साल साकिन पुराना ढाबा पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा। एवं माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 2233/2021, अपराध क्रमांक 65/21 धारा 36 ;च, ;1, आबकारी एक्ट एवं प्रकरण क्र. 1887/2021, अपराध क्रमांक 72/21 धारा 34 ;1, ;क, आबकारी एक्ट में फरार चल रहे स्थायी वारंटी नंदलाल पारधी पिता जनक पारधी उम्र 26 साल साकिन बोरसी पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा। तथा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र् 169/2022, अपराध क्रमांक 51/2022, धारा 34,1, ;क, आबकारी एक्ट में फरार चल रहे स्थायी वारंटी दिनेश पारधी पिता संतू पारधी उम्र 29 साल साकिन बोरसी थाना बेरला जिला बेमेतरा उक्त तीनों स्थायी वारेटीयों को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि डीएल सोना, प्रधान आरक्षक भूषण ठाकुर, आरक्षक संजय पाटिल, योगेश साहू एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम जशपुर में आयोजित हुई प्रवेश उत्सव

### जशपुर विधायक विनय भगत ने बच्चों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





जशपुर विधायक विनय भगत की उपस्थिति में आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जशपुर बीईओ एमजेड्यू सिद्धकी, सूरज चौरसिया, विद्यालय के प्राचार्य आरण्डुंगडुंग, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित थे। इस दौरान हाई स्कूल स्तर एवं संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में कक्षा पहली से आठवीं तक के 120 बच्चों को गणवेश वितरण तथा कक्षा पहली से दसवीं तक के 390 बच्चों को पाठ्यक्रम पुस्तक वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल के अंतर्गत आने वाले 22 विद्यालय शामिल हुए।

## एक नजर

### सहायक ग्रेड.03 एवं भृत्य के अस्थाई पदों हेतु कौशल परीक्षा एवं अर्हकारी परीक्षा 08 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला निर्वाचन कार्यालय में सहायक ग्रेड.03 संविदा के 05 एवं भृत्य कलेक्टर दर के 05 स्थायी पदों की पूर्ति हेतु 03 जुलाई 2023 तक दावा–आपत्ति चाहा गया था। जिसमें 02 अभ्यर्थी मुनेश्वर चक्रेश एवं केशव पातर के द्वारा दावा–आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके निराकरण उपरांत सहायक ग्रेड.03 संविदा के 05 पदों हेतु कौशल परीक्षा के लिए प्रावीण्यता क्रम अनुसार 50 अभ्यर्थियों एवं भृत्य कलेक्टर दर के 05 पदों हेतु अर्हकारी परीक्षा के लिए प्रावीण्यता क्रम अनुसार 50 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड.03 के संविदा पद के लिए कौशल परीक्षा एवं एवं भृत्य कलेक्टर दर के लिए अर्हकारी परीक्षा 08 जुलाई को प्रातः 10 बजे से कार्यालय कलेक्टर जशपुर में आयोजित किया गया है। जिस हेतु चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित समय से आधे घंटे पूर्व परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपने साथ ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या स्कूल अथवा कॉलेज द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र परीक्षा कक्ष में लाना होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट के पश्चात अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

### एनसीवीईटी सर्टिफिकेट ऑटोमोटिव तकनीशियन कोर्स हेतु साक्षात्कार 19 जुलाई

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला कौशल विकास प्राधिकारण से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र एवं अन्य बेरोजगार युवकों के लिए मारूति सुजुकी इंण्डिया लिमिटेड गुड़गांव एवं मानेसर में निःशुल्क एनसीवीईटी सर्टिफिकेट ऑटोमोटिव तकनीशियन कोर्स में प्रदाय किया जा रहा है। इस कोर्स हेतु 10 वीं पास, 12 वीं पास युवक आवेदन हेतु पात्र होंगे। लड़कों का न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इस कोर्स हेतु न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष है एवं अधिकतम उम्र सीमा 20 वर्ष है। इस कोर्स की अवधि 02 वर्ष की होगी। इस कोर्स के दौरान चयनित युवकों को 14,200 रूपये छात्रवृत्ति प्रतिमाह प्रदाय किया जावेगा। इस कोर्स में इच्छुक युवक 19 जुलाई 2023 को कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण, जशपुर नगर, रायगढ़ रो, रणजीता स्टेडियम के सामने 11 बजे तक उपस्थित होकर डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन एवं कोर्स हेतु साक्षात्कार दे सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 9399696970 पर सम्पर्क कर सकते है।

### जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 01 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

जिसके अंतर्गत सन्ना विकासखण्ड के ग्राम साकिन सुलेसा, निवासी मृतिका ढोली बाई का सर्पदंश से 14 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति सुकुल राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया रक्तदान

विभाग के द्वारा लगभग 11 यूनिट ब्लड डोनेट किया

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जरूरतमंद लोगों को समय में ब्लड की उपलब्धता हो सके। इस हेतु सार्थक पहल करते हुए जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान करने के निर्देश दिए हैं। जिसके परिपालन में आज महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारीअरुण पाण्डेय एवं कर्मचारियों ने भी जिला अस्पताल में पहुंच कर रक्तदान किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास द्वारा अब तक लगभग 11 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। शेष कर्मचारियों द्वारा रक्तदान करने की प्रक्रिया किया जा रहा है।

खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का मिला लाभ

## अनिमा मंडल के उम्मीदों के आगे बौना साबित हुआ ऑटोइम्यून बीमारी

जोहार छत्तीसगढ़–सुकमा।

सफलता की कहानी





सुकमा स्थित कुम्हाररास निवासी 34 वर्षीय अनिमा मंडल पति आशुतोष मंडल ने जिला अस्पताल सुकमा में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेकर ऑटो इम्यून थम्ब्रोसेतेपिमिया नामक बीमारी को अपने उम्मीदों के आगे बौना साबित किया है। खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लेकर ऑटो इम्यून बीमारी से मुक्त अनिमा अपने परिवार के साथ सुखद जीवन जी रही है। इसके लिए उन्होंने चिकित्सकों के साथ ही शासन–प्रशासन का आभार जताया है। पिछले 7 वर्षों से ऑटो इम्यून थम्ब्रोसेतेपिमिया नामक बीमारी से ग्रसित अनिमा ने इसका इलाज सीमावर्ती राज्यों में भी कराया लेकिन किसी प्रकार का स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला। दिन बीतने के साथ ही शारीरिक और मानसिक परेशानियों में भी इजाफा होने लगा। समय व धन की खपत के बाद भी सेहत में सुधार नजर नहीं आई। घर की जिम्मेदारियों के साथ ही कई परेशानियां सामने उठ खड़ी हुई। उन्हें पड़ोसी महिला ने भरोसा दिलाते हुए बताया कि जिला अस्पताल सुकमा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. भाग्यलक्ष्मी चिकित्सक की सलाह पर बेहतर उपचार कराया।

### क्या है ऑटो इम्यून थम्ब्रोसेतेपिमिया

शरीर का इम्यून सिस्टम स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला कर देता है तो इसे ऑटोइम्यून डिजीज कहा जाता है। किसी भी बाहरी वायरस, बैक्टीरिया, हमले से शरीर को बचाने के लिए इम्यून सिस्टम एंटीबॉडी बनाता है। लेकिन कई बार इसमें गड़बड़ी के चलते यह स्वस्थ कोशिकाओं को बाहरी तत्व समझकर उन पर भी हमला कर देता है। इस स्थिति को ऑटोइम्यून डिजीज कहा जाता है। हालांकि जब किसी व्यक्ति को ऑटोइम्यून बीमारियां होती हैं तो उनका शरीर ऑटो एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देता है जो अपने ही टिश्यू के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती हैं। ऑटोइम्यून बीमारी शरीर के किसी भी उत्तक पर हमला कर सकती है, फिर चाहे वह खून ल्यूपस, त्वचा सोरायसिस, मासपेशियां मायोसाइटिस जोड़ रूमेटॉइड आर्थराइटिस, थायरॉइड जैसी एंडोक्राइन ग्लैंड ऑटोइम्यून थायरॉइड, और पैंक्रियाज डायबिटीज टाइप 1, ही क्यों ना हों। इससे अंग क्षतिग्रस्त हो सकते हैं, उनके कामकाज में परिवर्तन हो सकता है और किसी अंग में असमान्य रूप से वृद्धि भी हो सकती है।

## राज्य सरकार की योजनाओं को अपना बताकर किसानों को भ्रमित करना चाहते हैं भाजपा के केन्द्रीय मंत्री-सौरव मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़–एमसीबी।



विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही बयानबाजी का दौर भी तेज हो गया है जहां एक तरफ केंद्रीय मंत्रियों ने किसानों के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार को घेरने में कोई कमी नहीं छोड़ी है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता भी जमकर पलटवार कर रहें है। जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने बयान जारी करते हुए कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार देश की एक मात्र ऐसी सरकार है जो किसान को सशक्त बनाने का काम कर रही है। आज प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके राज्य के किसानों के धान की खरीदी 2640 रु प्रति क्विंटल में की जा रही है जहां 2017–18 में 12 लाख किसानों ने 56.8 लाख मीट्रिक टन धान बेचा, वही राजीव गांधी किसान न्याय योजना आने बाद 2022–23 में 24.97 लाख किसानों ने लगभग 110 लाख मीट्रिक टन धान बेचा, जिससे उन किसानों के खाते में लगभग 19000 करोड़ रू का भुगतान किया जा चुका है आज प्रदेश में प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिला प्रवक्ता मिश्रा ने कहा की आज धान खरीदी के साथ ही प्रदेश में 65 लघु वनोपजो का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। पशुपालकों को मजबूत करने के लिए गोधन न्याय योजना लागू करके 2 रु प्रति किलो गोबर और 4 रु प्रति लीटर गो मूत्र खरीदी की जिसमें पशुपालकों को 430 करोड़ रू से ज्यादा भुगतान किया गया। 26 लाख क्विंटल जैविक खाद की बिक्रीए 60 हज़ार लीटर जैविक कीटनाशक तैयार किए गए हैं साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान मजदूर न्याय योजना अंतर्गत प्रति हितग्राही को सालाना 7000 रु की आर्थिक सहायता देकर 5 लाख कृषि मजदूरों को अबतक 477 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के 24 घंटे के अंदर लगभग 18 लाख किसानों का 9000 करोड़ का अल्पकालीन कृषि ऋण माफ किया गया है। जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने आगे कहा की इस प्रदेश में कांग्रेस के सरकार ने किसानों के लिए कई ऐसे काम किए हैं जिससे किसान लाभान्वित हैं साथ किसानों की आर्थिक स्थिति समृद्ध हुई है जिससे किसान आज काफी खुश हैं। भाजपा के केंद्रीय मंत्री पूरे 5 साल इस प्रदेश के लोगों की कभी सुध नहीं लिये। आज विधानसभा चुनाव नजदीक आता देख इस प्रदेश में दौरे कर रहे हैं और तरह–तरह के बयान बाजी कर रहे हैं। कई जगहों में तो भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का धान खरीदी केंद्र की सरकार कर रही है जबकि जब 2500 से अधिक समर्थन मूल्य देने की बात राज्य सरकार ने की थी तो केंद्र की भाजपा सरकार ने हमारा चावल सेंटर पुल में लेने से मना कर दिया। तब प्रदेश सरकार ने राजीव गांधी किसान योजना लाकर किसानों को लाभान्वित किया। वास्तव में छत्तीसगढ़ प्रदेश से भाजपा का जनाधार खिसकता हुआ नजर आ रहा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी कम सीटों में सिमट कर रह जायेगी।

## कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी मितान बन पहुंची हितग्राही के घर

# 14545 पर कॉल कर जिले के नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री मितान योजना से घर बैठे मिल रही लोगों को 25 सुविधाएं

### कलेक्टर ने हितग्राही किरण व अंकिता को सौंपा नया राशनकार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर.चांपा।





मुख्यमंत्री मितान योजना जिले के तीन नगरीय निकाय अकलतरा, जांजगीर, नैला और चांपा में प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से आम नागरिकों को 14545 नंबर पर फोन करने से सरकारी कार्यालयों से प्राप्त होने वाली 25 सुविधाएं घर बैंठे ही प्राप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत नगर पालिका जांजगीर,नैला के वार्ड 02 निवासी किरण ताम्रकार और वार्ड नंबर 08 निवासी अकिंता सोनी को आज नया राशन कार्ड कलेक्टर सुश्री ऋ चा प्रकाश चौधरी और नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढेवाल द्वारा घर में पहुंचा कर प्रदान किया। किरण ताम्रकार ने घर बैठे राशन कार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह योजना बहुत अच्छी है। हमें आसानी से नया राशन कार्ड मिल गया है। किसी कार्यालय में जाने की जरूरत भी नहीं पड़ी। अंकिता सोनी ने कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि कलेक्टर खुद मितान बनकर उनके घर कार्ड देने आयेंगी। उन्होंने इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं में नागरिक सुविधाओं को नागरिकों के घर तक पहुंचाने के लिए मितान योजना की विस्तार की गई है। इसके तहत आज हितग्राही को उनका राशन कार्ड बनाकर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि योजना का उद्देश्य है कि लोगों को घर बैठे प्रमाण पत्र व जरूरी दस्तावेज बनाकर दिए जाएं जिससे उन्हें अनावश्यक भटकना न पड़े। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल मार्गदर्शन में प्रत्येक शासकीय कार्य सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा हैं। आम जन तक शासकीय योजनाओं को पहुँचाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। राज्य के नागरिकों को बिना किसी परेशानी के सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवाओं को मितान के माध्यम से नागरिकों के घर तक पहुंचाने के लिए मितान योजना की शुरुआत की गई है। इस दौरान पार्षद विवेक सिसोदिया, पार्षद विष्णु यादव, शिशिर द्विवेदी, संतोष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 27 जून से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु एक जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान द्वारा शनिवार को हरी झंडी दिखाकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा एवं गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ गांव गांव में पहुंचकर आम नागरिकों को जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए लोगों को जागरूक करेगी। बड़े स्तर पर जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए एलटीटी कैंप एवं एनएसपीटी कैंप का आयोजन भी आगामी समय में किया जाएगा। बारिश के मौसम को देखते हुए डायरिया से बचाव एवं सुरक्षा के लिये डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

### हरेली तिहार के साथ होगा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशनानुसार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन पूरे प्रदेश में 17 जुलाई 2023 को हरेली तिहार के साथ प्रारंभ होगा। नोडल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा किया जाना है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी मार्गदर्शिका एवं कार्ययोजना अनुसार राजीव युवा मितान क्लब स्तर से लेकर राज्य स्तर तक छत्तीगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जाना है। जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु मंगलवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में समय सीमा के दौरान बैठक हुई। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सहित जिले के समस्त अधिकरी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित करने तथा सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन देते हेतु विस्तार से चर्चा किया गया।

### एकल अभियान का 10 दिवसीय प्राचार्य अभ्यास वर्ग का समापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



शिक्षा के माध्यम से गांव के सर्वांगीण विकास करने हेतु एकल अभियान का भाग उत्तर दक्षिण अंचल अंबिकापुर 10 दिवस आचार्य अभ्यास वर्ग संच कुसमी और शंकरगढ़ का परम पूज्य गहीरा गुरुजी के तपोस्थली श्रीकोट में किया गया इस अभ्यास वर्ग में संच शंकरगढ़ कुसमी के विभिन्न ग्रामों से आय बंधु एवं मातृशक्ति प्राचार्य हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया प्रशिक्षण उपरांत सभी अपने-अपने ग्रामों में जाकर गांव में शिक्षा के माध्यमसे अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर भगाने में स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करेंगे यह अभ्यास वर्ग 25 जून से प्रारंभ होकर 5 जुलाई तक चला जिसमें प्रशिक्षण देने हेतु बाहर से शिक्षक गण का भी आगमन हुआ परीक्षार्थियों के 10 दिन के निवास एवं भोजन व्यवस्था आदरणीय लिखेश्वर महाराज ने प्रदान किया समापन सत्र में विशेष रुप से अपना मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आदरणीय भगवान बंसल संतोष बंसल राम लखन पैंकरा विनोद गुप्ता आनंद जयसवाल एवं साहू उपस्थित रहे। पूरे अभ्यास वर्ग के संचालन में अंचल अभियान प्रमुख छवि कुमार पैंकरा अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख गौतम पैंकरा अंचल ग्राम स्वराज प्रमुख अवधेश दास शंकरगढ़ के संच प्रमुख बाल गोविंद सिंह कुसमी संच प्रमुख बृजमोहन जयसवाल सक्रिय रहे समापन सत्र में अतिथियों के अलावा कार्यकर्ता परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**जिले के 6 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में शामिल करने की कार्यवाही पूर्णता की ओर**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



**कलेक्टर लंगेह के निर्देश पर बैकुण्ठपुर शहर में जीर्ण-शीर्ण नजुल नक्शों का सर्वे का कार्य पूर्ण, अब जल्द तैयार होगा नवीन नक्शा**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित विभिन्न प्रकरणों, अविवादित व विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन के प्रकरणों, बंदोबस्त अभिलेख सुधार, धारा 170,ख, नक्शा बटांकन शासन की आय बढ़ाने के उपायों की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर शहर में जीर्ण-शीर्ण नजुल नक्शों के वजह से अनेक शासकीय योजना, तथा कार्य प्रभावित हो रहे थे, तथा नक्शों के कारण ही नजुल भूमि विक्रय के अनेक प्रकरण लंबित थे। और कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इसकी आवश्यकता को महसूस करते हुए समय सीमा में नवीन सर्वे कर नवीन नक्शा बनाए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद बैकुण्ठपुर शहर के भटठीपारा, प्रेमाबाग, बाजारपारा एवं सिविल लाईन का सर्वे कार्य कर नक्शा तैयार कर लिया गया है। व बाईसागर पारा के सर्वे का कार्य किया गया। और अब नक्शा तैयार किया जाना शेष है। वही वन ग्राम से राजस्व ग्राम में शामिल होने वाले ग्रामों में तहसील बैकुण्ठपुर के अंतर्गत ग्राम धरमपुर, जगदीशपुर, दुर्गापुर, मदनपुर तथा सोनहत तहसील के अंतर्गत ग्राम आंनंदपुर,लोलकीपारा को शामिल किया गया है। जिसका द्वितीय चरण का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है। तथा राजस्व ग्राम में शामिल करने हेतु नक्शा आईआईटी रूड़की को भेजा जा चुका है। इसी प्रकार बैठक में राजस्व अधिकारियों ने बताया कि तिरंगा पटटा अभिलेख में जिले के कुल 514 हितग्राहियों को तिरंगा पटटा दिया जाना है।

जिसका अभिलेख दुरूस्ती कार्य सोनहत में पूर्णता की ओर तथा बैकुण्ठपुर में जल्द ही इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। राजस्व अधिकारीयों की बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को शासकीय कार्यो को ईमानदारी पूर्वक करने हेतु निर्देशित करने को कहा,उन्होंने कहा कि जो अधिकारी कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेंगे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## जिला सत्र न्यायालय बेमेतरा में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं का विशेष सम्मान से हुये सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिला न्यायालय बेमेतरा में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं का विशेष स्वागत सम्मान समारोह रखा गया जहाँ पूरे भारत में तीसरे नंबर पर बहुचर्चित युवा विधायक आशिष छाबड़ा बेमेतरा विधायक छग एवं जिला न्यायालय बेमेतरा के सभी विद्वान न्यायाधीश बिजेन्द्र कुमार शास्त्री जिला न्यायाधीश पंकज कुमार सिंहा,अपर जिला न्यायाधीश,मधु तिवारी अतिरिक्त न्यायाधीश एवं फ स्ट कोर्ट, मोनिका जायसवाल मुख्य न्याययिक मजिस्ट्रेट, विजय कुमार होता प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, तनुश्री गवेल न्यायिक मजिस्ट्रेट,प्रथम श्रेणी अनिता कोशिमा रावत प्रथम श्रेणी,जिला विधिक प्रभारी जसविंदर कौर अरमानी व सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ की उपस्थित में 5 कनिष्ठ एवं 10 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को साल फल पेन गुलदस्ता के साथ सम्मान से सम्मानित किया गया। जो एक स्मरणीय रूप में रहा हम बता दें कि कनिष्ठ अधिवक्ताओं में,नवदीप पिता राजकुमार वर्मा ग्राम अमलडीहा नांदघाट,लाभवंत वर्मा पिता रामचंद वर्मा, ग्राम गनियारी नवागढ़,राजेन्द्र पुरेना पिता प्रेमदास ग्राम छीतापार बेमेतरा, निलेश कुमार पिता दयाराम निषाद ग्राम अकोली नांदघाट, सौरभ सिंह राजपूत पिता भोपसिंह राजपूत ग्राम करमतरा दाढ़ी और साथ ही 10 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को उत्तम वकालत पेशा जिला न्यायालय में नियमित रूप से सेवा देने पर सम्मान समर्पित किये जिसमें से मोहित राम वर्मा, आनंद विश्वनाथ गोवर्धन, रामा पाण्डेय,परस राम देवांगन,प्रभाकर पाठक,माधो सिंह बैस,हृदय नारायण निर्वाणी, 8 लेखराम अग्रवाल, सुकृति रंजन दास, 10 रोहित सिंह ठाकुर,जिला न्यायालय में समुचित व्यवस्था हेतू मांग पर 5 लाख रूपये जिला बेमेतरा अधिवक्ता संघ को सौगात दिये कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रणीश कुमार चौबे, सचिव डिकेन्द्र देवांगन, सबसे उत्तम प्रभावशाली उद्बोधन बृजमोहन शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता ने सभी के दिल को जीत लिये अनुपम संचालन विनय किशोर सिंह, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, विवेक पोल,ओमप्रकाश वर्मा, संजय राजपूत,भानु मिश्रा, बलराम साहू, घनश्याम वर्मा,राहुल साहू, आनंद साहू, नीलकमल सोनी, राजेश शर्मा, रविशंकर श्रीवास्तव, नारद साहू, विश्वराज भूवाल, अप्रितम मनीष दीक्षित, राजेश कुमार मिरी, राजेन्द्र पाण्डेय, व्ही के दुबे, ओमप्रकाश वर्मा,आंनद साहू, डीएस साहू, नीलकमल सोनी, दीपक तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी,नरेश तिवारी,इंद्रावन वर्मा, सोहन निषाद, रविशंकर सोनी, राहुल साहू, हेमंत वर्मा, घनश्याम वर्मा, हिमांशु साहू, सूर्यदेव टोण्ड्रे, गुरुदयाल कुर्रे, फ हीम शरीफ , योगेश राजपूत, कमल पाण्डेय, संजय भारती, प्रदीप शर्मा, पिलेश्वर पाण्डे, महेन्द्र प्रताप सिंह वही महिला अधिवक्ताओं में सलमा शरीफ , त्रिपाठी मैडम, रजनी पाण्डेय, दुर्गा साहू, पी राजेश्वरी, नवीन चतुर्वेदी अन्य सभी अधिवक्ता गण उपस्थित रहे कार्यक्रम समापन पूर्व विवेक तिवारी ने आभार व्यक्त किया जो बहुत ही सराहनीय एवं प्रसंशन्नीय रहा उक्त जानकारी मणिशंकर दिवाकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने दिया।

# अनुसूचित जनजाति आयोग पीड़ितों को हक दिलाने का काम करती है-भानुप्रताप सिंह

**अनुसूचित जन जाति आयोग अध्यक्ष ने की वनाधिकार पट्टा वितरण की समीक्षा, लंबित प्रकरणों पर त्वरित निर्णय कर आवेदकों को लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जन जाति आयोग अध्यक्ष भानुप्रतापसिंह के जिले के सोनहत प्रवास के दौरान गत दिवस जनपद पंचायत सभा कक्ष में समीक्षा बैठक सह भेंट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया गया। समीक्षा बैठक में आयोग अध्यक्ष ने अनुसूचित जन जाति आयोग के मुख्य उद्देश बताते हुए कहा कि छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग को सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त है। जिसके कारण आयोग की कार्य प्रणाली माननीय न्यायालय की कार्य प्रणाली के अनुरूप जांच, सुनवाई, स्थल निरीक्षण आदि की कार्यवाही प्रकरण की शिकायत/आवेदन की गम्भीरता के आधार पर तय करते हुए विधि सम्मत कार्यवाही की जाती है। उन्होंने बताया कि आयोग में प्राप्त शिकायत की गंभीरता के अनुरूप स्थापना विषय के अतिरिक्त शिकायत/अभ्यावेदन पर संबंधित विभाग एवं व्यक्ति को सीधे या राजस्व व पुलिस अधिकारी के माध्यम से जांचध्निरीक्षण कराने की



कार्यवाही की जाती है। बैठक में आयोग के अध्यक्ष भानुप्रतापसिंह ने वनाधिकार पट्टा वितरण की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों पर त्वरित निर्णय लेकर आवेदकों को लाभ पहुचाने को कहा। उन्होंने आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आश्रम शाला एवम छात्रावास में पुस्तक, गणवेश वितरण, अन्य सुविधाएं जैसे पेयजल, भोजन आदि सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

उन्हेंने पंचायत विभाग, राजस्व, महिला बाल विकास विभाग, कृषि शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ वंचित वर्गों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। भानुप्रतापसिंह ने उपस्थित जन मानस को जाति प्रमाण पत्र सरलीकरण के संबंध में जानकारी दी गई। पंडो समाज द्वारा पण्डो जाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने पर प्रकरण निराकरण करने हेतु आयोग अध्यक्ष से आग्रह की गई। बैठक में मुख्य रूप से पण्डो समाज, कंवर समाज, गोंड समाज, राजवाड़े समाज, रविदास समाज के पदाधिकारी के अतिरिक्त गुलाब चौधरी, राजन पांडे, कृष्णा राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, मनमति, प्रकाश चंद पैंकरा, तहसीलदार प्रतीक जयसवाल, मुख्यकार्यपालन अधिकारी ए.पन्ना, एवम विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीपा के कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाशत- जिपं सीईओ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद सीईओ तथा आरईएस विभाग के एसडीओ की समीक्षा बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने गौठानों में अधूरे कार्य को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन गौठान में फेसिंग के कार्य पूर्ण नहीं हुए उन्हें तत्काल पूर्ण कराये। रीपा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। रीपा के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बरदास्त नहीं की जाएगी। गौठानों में रीपा के जितने वर्किंग शेड बन रहे हैं वे गुणवक्तापूर्ण बने। अभी बरसात का समय है इसलिए किसी रीपा केंद्र के वर्किंग शेड में पानी की सिपेज की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने वृन्दावन एवं चंदननगर के गौठानों के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। जिले का हर रीपा केन्द्र साफ-सुथरा और स्वच्छ दिखना चाहिए। यह समस्त जनपद सीईओ की जिम्मेदारी है। उन्होंने जनपदों में जितने भी मिट्टी के कार्य अधूरे उनका जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद सीईओ निर्देश देते हुए कहा कि जिले का प्रत्येक जनपद को प्रेरणादायी जनपद के रूप में विकसित करना है। इसके लिए सभी जनपदों में व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय बने, ग्रामीणों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बने तथा जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। उनकी जानकारी भेजे। जिससे उनकी सतत निगरानी कर तथा उनका चिंहाकंन कर उनके आयुष्मान कार्ड बनाये जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हरेली तथा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जाना है। समस्त अधिकारी इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दे उन्होंने जनपद सीईओ से डीएमएफमद से होने कार्यो शीघ्र पूर्ण करने के निर्देष दिये। साथ उन्होंने समस्त जनपद सीईओ का पहुंचविहीन पण्डों बस्ती की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस दौरान जनपद सीईओ निजामुद्दीन, विनय गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, आरईएस के एसडीओ, विमल सिंह, मीना मण्डल, रविशंकर सोनी, लवली चौधरी, हरिनारायण सिंह, अमित सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छिपछिपी मेँ बिखरी अवस्था में पड़ी प्राचीन मूर्तियां-डॉ. विनोद पांडे

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

**जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से बिलासपुर मार्ग में 20 किमी दूर ग्राम छिपछिपी में पुरातात्विक विरासत बिखरी पड़ी है। यहां सैकड़ों वर्ष पुरानी भगवान विष्णु की विहंगम प्रतिमा देखकर सहजता से पता चलता है कि यहां प्राचीन विरासत और संस्कृति छिपी है।**





इस गांव का इतिहास काफी पुराना है। यहां कई स्थानों पर मूर्तियां प्राचीन गुफाएं पहले छुपी हुई थी। इसलिए इस गांव का नाम छुप-छुपी ही था जो ग्रामीण जनों की बोलचाल की भाषा में परिवर्तित होते हुए छिपछिपी हो गया तथा जिस स्थान पर यह प्राचीन मूर्तियां प्राप्त हुई है उसे मूरत पारा के नाम से जानते हैं। इतिहासकार डॉ विनोद कुमार पांडे ने बताया की कुछ ग्रामीणों का मानना है कि युद्ध के समय धोरेल शाह राजा जो पूर्व कोरिया रियासत के राजा थे आसपास की रियासतों से युद्ध के कारण यहां छुपकर आराम करता था एवं वह युद्ध की तैयारी करता था। इस कारण इस जगह का नाम छिपछिपी पड़ा और यह मूर्तियां भी शायद उसी के द्वारा बनवाई गई हो। ग्राम छिपछिपी में प्राप्त मूर्तियां लगभग हजारों वर्ष पुरानी जान पड़ती हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि कुछ वर्षों पूर्व यहां मूर्तियों के साथ प्राचीन बर्तन भी मिले थे। अज्ञानता के कारण ग्रामीण जन प्राचीन बर्तनों तथा मूर्तियों को उठाकर ले गए। यहां एक सीढ़ी भी बनी हुई है जो सुरंगनुमा है तथा नीचे की ओर जाती है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अगर इस स्थान की खुदाई की जाये तो बहुत सी पुरातत्विक मूर्तियां और वस्तुएं मिल सकती हैं।

इतिहासकार डॉ. विनोद पांडे बताते है की ग्रामीण जनों के मुताबिक 1960 में यहां सुखराम बाबा नामक संत आए थे और उन्होंने दुर्गम जंगल के अंदर एक दीमक की बांबी देखी और उसे खोद कर देखा तो उसके अंदर भगवान विष्णु के दशावतार वाली मूर्ति निकली। इसके साथ ही अन्य कई देवी-देवताओं की मूर्ति निकली। इन सभी मूर्तियां को ग्रामीण जनों ने वृक्ष के नीचे रख दिया। खुले मे धूप पानी की वजह से यह मूर्तियां खराब हो रही है इसे सहेजने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा की मनेंद्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी नया जिला बना है। कलेक्टर जो की जिला पुरातत्व संघ के अध्यक्ष भी होते हैं वे स्वयं पुरातत्व व पर्यटन में काफी रूचि रखते हैं। उनसे चर्चा कर इन बिखरी पड़ी मूर्तियों को संरक्षित करने का शीघ्र प्रयास किया जायेगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने भीड़, भारी वाहनों से बना खतरा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





स्कूल लगने एवं छुट्टी के समय स्कूल के सामने भीड़ लगने लगी है। जिसमें सड़क किनारे के स्कूलों में खतरा बना रहता है। धरमजयगढ़ में सबसे ज्यादा छात्र संख्या वाले स्कूल शासकीय स्कूल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सामने भी यही हाल है। छुट्टी के समय जहां सैकड़ों अभिभावक खड़े रहते हैं वहीं वाहन जिसमें स्कूली बच्चे जाते हैं के खड़े रहने से बहुत भीड़ हो जाती है। ऐसे में तेज रफ्तार चलती बस, ट्रेक्टर एवं अन्य बहनों से खतरा बना रहता है। बता दें कि पिछले वर्ष यहीं पर एक यात्री बस का ब्रेक फेल हो गया था हालांकि स्कूल टाइम नहीं होने से बड़ा खतरा टल गया था। शासन-प्रशासन को समय रहते इस मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगानी चाहिए। जिससे किसी अनहोनी से बचा जा सके। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यह मार्ग नगर पंचायत का है। भारी वाहनों के आवाजाही के लिए अस्पताल चौक से मुख्य मार्ग है। लेकिन सभी बस इसी मार्ग में तेजगति से आता जाता है।

## एक नजर

### जिले में शुद्ध पेयजल हेतु 6 हजार 786 हैण्डपंप हो रहा संचालित

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले के सभी नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सीबी सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के 03 विकासखंड मनेंद्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर में हैण्डपंप संचालित हैं। जिले के 364 ग्रामों में 6 हजार 786 विभागीय हैण्डपंप स्थापित है। जिसमें से 6 हजार 702 हैंडपंप चालू हालत में हैं एवं 84 हैंडपंप सुधार प्रक्रिया अन्तर्गत बंद हैं जिनका संधारण कार्य जारी है। संधारण कार्य हेतु 3 चलित वाहन और पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त पूर्व से 32 नग नलजल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। साथ ही 167 नग सौर उर्जा आधारित पंपो के माध्यम से भी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने क्लोरीनेशन का कार्य आगामी 1 माह में जिले के संपूर्ण पेयजल स्त्रोतों में मैदानी अमलों द्वारा करवाया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 54 नवीन नलकूप खनन का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 35 नलकूप खनन किया जाकर हैण्डपंप स्थापित कर ग्रामीणों को जल प्रदाय किया जा रहा है।

# संदिग्ध हालत में ट्रेक्टर चालक की मौत, पुलिस कर रही जांच

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

ट्रेक्टर चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृत ट्रेक्टर चालक सुबह घर से ट्रेक्टर लेकर जोताई करने निकला था। जहां खेत में ट्रेक्टर से दबने से उसकी मौत हो गई। घटना कापू थाना क्षेत्र के ग्राम जमरगा की है। जहां रोहित राठिया पिता रविशंकर राठिया उम्र 22 वर्ष ग्राम जमरगा निवासी सुबह ट्रेक्टर लेकर जोताई करने खेत गया था। जहां ट्रेक्टर अनियंत्रित होने से वह दब गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया। लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ समय पहले यह खबर आई थी कि मृतक रोहित आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था। जहां से गिरने पर उसकी मृत्यु हुई है। लेकिन मृतक के परिजनों ने बताया कि ट्रेक्टर में दबने से उसकी मृत्यु हुई है। घटना की जानकारी धरमजयगढ़ थाने में दी गई। जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वहीं शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।



# प्राथमिक शाला नकना में प्रवेशोत्सव सम्पन्न, स्थानीय जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों व शाला परिवार द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत सत्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में बीते 5 जुलाई को मिरीगुड़ा संकुल के शासकीय प्राथमिक विद्यालय नकना में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके पश्चात मंचासीन समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं इस कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रगान व राजगीत का गायन किया गया।



साथ ही इस दौरान संकुल प्राचार्य ने मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया। जिसके बाद नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया। अगले क्रम में मिरिगुड़ा के मीडिल व हाई स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति व शिक्षा प्रद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य जी आर भगत द्वारा संकुल की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए उपस्थित अतिथियों व अन्य सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीसी रमेन्द्री राठिया, बीडीसी गणेश राम राठिया, नकना सरपंच बन्धुराम एक्का, उपसरपंच जयमाला यादव, मिरिगुड़ा सरपंच सुकांति व उपसरपंच देवना टण्डन सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## जिंदगी

जिंदगी के नए पन्नों ने कुछ मुकाम नया लिखा,  
कुछ छूट गया किस्सों में कुछ हिस्सों में बस पैगाम लिखा।  
कई बार गिरे हम वहा,  
जहा लोग संभल जाते है,,  
उठे तो मुक्दर भी नया था ,  
फिर नया जहान लिखा,,।  
टूटे तो पता चला यही पहचान नहीं ,  
जो चला गया वो सिर्फ एक शब्द आम था ,  
सर उठा और देख अब पूरा तेरा आसमान लिखा,,,।  
कौन यहाँ किसका है? सब सबक एक जीवन का हिस्सा है,,  
आज रो ले भले ,पर हिम्मत न हार ,  
उम्मीद नही पर कोशिश पर तो है जहान लिखा,,।  
आज चंद पल के लिए खो बैठे पहचान हम ,  
किसने देखा हमे ? किसने समझा हमे ?  
इसलिए उठ और खुद आसूं पोंछ  
और सबको अपनी पहचान दिखा ,,।  
कुछ नही होता किस्मत का लिखा,  
जो हुआ सब हमारी वजह से हुआ ,  
अपनी भूल को देख और सुधार कर ,  
खुद लिख तू अपना लिखा,,।

किसी पे भरोसा न कर यहाँ कोई नही तेरा - मेरा,  
किनके लिए रो रहे वो भी चले जाएंगे देकर अंधेरा ,  
जिंदगी एक बार मिली हैं खुद को खुश कर और दुनिया को फिर दिखा,,।  
क्यों आस किसी का ? कौन खास किसी का ?  
सब मतलबी हैं, मतलब से है सबका रिश्ता ,  
खुद संवार खुद को ,जिंदगी तेरी है खुशी से जी,  
यही खुदा ने भी है तेरे लिए लिखा,,,।



कवयित्री - सोनू मंडल  
धरमजयगढ़ ,रायगढ़ (छ. ग.)

# विवादित पटवारी कौशल यादव को राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने किया निष्कासित

कौशल यादव पटवारी हमेशा विवादो में रहते है,एफआई आर के साथ निलंबित भी हो चुके

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के पटवारियों का बड़ा संगठन है जो राजस्व पटवारी हित की लड़ाई समय-समय में करते रहता है अभी हाल ही में पटवारी संघ ने कुछ मांगों को लेकर आंदोलन महीनो भर चला जिसमे प्रदेश के सभी जिलों में आंदोलन धरना चला और सरकार ने पटवारियों की मांग को माना एकता में ताकत होती है ये बात दिखाई दी। लेकिन हमेशा विवादो में रहने वाले पूर्व में शासन द्वारा निलंबित होकर बहाल हुए बिलासपुर से जांजगीर चांपा ट्रांसफ र में गए पटवारी कौशल यादव पामगढ़ में पदस्थ को इस बात से लगता है कोई लेना देना नहीं है। क्योंकि पटवारियों का धरना आंदोलन में जांजगीर जिले में पदस्थ होने के बाद भी उपस्थिति दर्ज नही कराई जिसके चलते राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जांजगीर चांपा के जिला अध्यक्ष ने उन्हें संघ से निष्कासित कर दिया।

**राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जांजगीर चांपा ने पत्र जारी कर कौशल यादव को निष्कासित किया**

**राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जांजगीर चांपा ने अनुशासनहीनता के चलते पटवारी कौशल यादव को संघ से निष्कासित किया**

राजस्व पटवारी संघ जिला जांजगीर चांपा द्वारा 15 मई 2023 से प्रांतीय आहवाहन पर जिला मुख्यालय के केरा रोड स्थित कर्मचारी भवन में अनिश्चितकालिन हड़ताल पर है। जिसमे आपके द्वारा हड़ताल में जाने हेतु स्वेच्छा पूर्वक सहमती पत्र प्रदान किया गया। नहीं किया गया। उसके बाद भी आपके द्वारा 15 मई 2023 से 14जून 202 कि कुल दिवस 28 बिना सूचना हड़ताल स्थल में अनुपस्थित पाये गये है। आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब न्यायसंगत नहीं होने पर आपके उक्त कत्य को अनुशासनहीनता माना जाता है अत: आपको राजस्व पटवारी संघ जिला जांजगीर चांपा से निष्कासित किया जाता है।

**संगठन की आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर चर्चा की गई**

# वैश्य तैलिक साहू समाज की हुई प्रांतीय बैठक

**रायपुर।** प्रांतीय वैश्य तैलिक साहू समाज छत्तीसगढ़ की प्रांतीय बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने समाज के समुचित विकास के लिए सभी वर्ग के लोगों को संगठन से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के राष्टीय अध्यक्ष इंद्रकुमार सिंह चंदापुरी ने कहा कि समान भागीदारी और सामाजिक सुरक्षा से ही सामाजिक न्याय की परिकल्पना पूर्ण हो सकेगी।




उन्होंने ओबीसी के अंतर्गत आने वाले सभी लोगों को जनजागरण महाअभियान से जुड़ने के लिए कहा। बैठक में संगठन के विस्तार, आर्थिक समृद्धि, सामाजिक नेतृत्त्व, महिला महासम्मेलन आयोजन समिति समेत कई एजेंडों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में उस व्यक्ति या पार्टी को ही वोट देने पर चर्चा हुई जो कि खासतौर से ओबीसी वर्ग के हक अधिकार के लिए कार्य करे। हर तीसरे महीने अलग-अलग जिले में बैठक रखने का प्रस्ताव किया गया, ताकि सामाजिक जागरूकता पैदा की जा सके। संगठन की आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर चर्चा की गई।

# महमंद में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का हुआ संगठन विस्तार

सैकड़ो महिलाओ ने थामा संगठन का दामन



जोहार छत्तीसगढ़ - बिलासपुर।

बिलासपुर शहर से सटे ग्राम महमंद में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन का संगठन विस्तार कार्यक्रम हुआ जिसमें ग्राम के महिला समिती के सैकड़ो सदस्य शामिल हुये और संगठन के उद्देश्य को जानकर सदस्यता भी ग्रहण किये । संगठन के मस्तुरी *विधानसभा प्रभारी बॉबी पात्रे* ने बताया कि हमारा संगठन लगातार छत्तीसगढ़ियों के अधिकार , रोजगार और उनके भाषा संस्कृति सरंक्षण , संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है । इसके साथ ही संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत महमंद में बैठक भी हुआ । वही *मस्तूरी ब्लॉक प्रभारी अश्वनी गोयल* ने बताया कि हरेली त्यौहार के मौके पर 16 जुलाई को भिलाई में विशाल हरेली उत्सव का आयोजन हमारा संगठन द्वारा किया जा रहा उसके तैयारी के संबंध में भी इस बैठक में चर्चा हुई एवं अधिकाधिक संख्या में हरेली उत्सव में जाने के लिए सहमति बना.. उन्होने आगे बताया कि बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि आगामी बैठक से पहले 10-10 गांव में जाकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए सदस्यता अभियान चलाने रणनीति बनाया जायेगा । जिसमें जिला, ब्लाक की सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ग्राम की सभी महिलाओं ने उत्साह पूर्वक अपनी सहमति जताई। इस अवसर पर महिला समिती के संभागध्यक्ष पूनम गौतम सतनामी सोनम सतनामी ,भारतीय रजक , ललिता साय ,संगीता रजक ,सीमा रजक ,कविता साय ,रितु रजक ,लक्ष्मी नेताम, नंदनी कुमारी यादव, सरोज मानिकपुरी, मुन्नी यादव ,सावित्री कौशिक, काजल साहू ,प्रभा साय, सुमित्रा , कमली टंडन, टिकेश्वर साहू अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जबरन संबंध बनाने पर महिला ने की विरोध तो आरोपियों ने कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या

तीन दिनों तक करते रहे घर की निगरानी, आए पुलिस की गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

मामला कोरंधा थाना की है जहां शराब के नशे में जबरन अवैध संबंध बनाए जाने का विरोध करने पर दो व्यक्तियों ने घर मे रखे कुल्हाड़ी से मारकर महिला को मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद तीन दिन तक आरोपियों ने मृतक के घर की पहरेदारी कर झारखंड भागने के फिराक में थे।







पुलिस ने दोनों दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 04 जुलाई को प्रार्थी सिरसाय उरांव पिता कस्टू उरांव उम्र 70 वर्ष निवासी चडरापारा ग्राम जवाहर नगर थाना कोरंधा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी भतीजी बिलासी गाई उरांव अपने घर में मृत पड़ी हुई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कोरंधा निरीक्षक दुवेन्द्र सिंह टेकाम ने तत्काल इस मामले की जानकारी एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी को दी। एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने थाना प्रभारी दुवेन्द्र सिंह टेकाम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण करने पर पाया कि मृतिका बिलासी भाई उरांव पिता स्व. भया उम्र 45 वर्ष निवासी चडरापारा जवाहरनगर अपने कमरे में मृत पड़ी हुई थी उसके सर पर चोट के निशान थे, पूरे बदन में कीड़े लगकर ब सड़ा हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी देते हुए उनके निर्देश पर महिला किसके साथ रहती थी। उसके जान पहचान के लोग कौन-कौन थे के संबंध में पूछताछ की गई। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के बताये गये निर्देशों के पालन में एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी, निरीक्षक दुवेन्द्र सिंह टेकाम, प्र.आर. अमोल कश्यप, आर. धिरेन्द्र सिंह चंदेल, बाबूलाल, अनिल साहू, अनुप खलखों ने घटना स्थल पर कैंप कर गांव के लोगों पूछताछ के दौरान द्वारिका प्रसाद, और मंगल साय की गतिविधि संदिग्ध पाये जाने से उक्त संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकर करते हुए बताये की 01 जुलाई को दोपहर करीबन 12 से 01 बजे मृतिका विलासी बाई द्वारिका और मंगल साय मृतिका के घर में शराब का सेवन किये व नशा होने पर द्वारिका प्रसाद मृतिका के साथ अवैध संबंध बनाया। थोड़ी देर बाद दोनों ने फि र से मृतिका से शारीरिक संबंध बनाने की जिद करते हुए जोर जबरदस्ती करने लगे तब मृतिका उन लोगो को फ टकार लगाते हुए धमकी देने लगी की यदि तुम दोनो जोर जबरदस्ती करोगे तो मैं पूरे गांव में हल्ला करके तुम्हारे कारनामें बता दूंगी जिससे द्वारिका और मंगल साय डर गये और मृतिका को मारने की नियत से उसके घर में रखे कुल्हाड़ी से द्वारिका प्रसाद ने उसके सर पर प्राणघातक हमला कर दिया। वहीं मंगल साय ने मृतिका चिल्ला न सके इसलिए उसका मुंह दबा दिया। मृतिका के मर जाने के बाद दोनो अपने घर चले गये और तीन दिन तक मृतिका के घर के आस-पास निगरानी करते हुए झारखंड अपने रिश्तेदार के यहां भगने के फिराक में थे।उक्त घटना क्रम में पुलिस ने आरोपियों द्वारा प्रयुक्त हथियार रक्तरंजित कपड़े तौलिया को बरामद कर थाना कोरंधा में अपराध दर्ज कर हत्या के आरोप में द्वारिका प्रसाद उर्फ शिशु उरांव पिता हरिचन्द्र उम्र 19 वर्ष व मंगलाय उरांव पिता लखपति उम्र 33 वर्ष दोनो निवासी चडरापारा जवाहरनगर को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। उक्त ब्लाइंड मर्डर को रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर सुलझाने में एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी के नेतृत्व में थाना कोरंधा के निरीक्षक दुवेन्द्र सिंह टेकामए प्रण् आरण् अमोल कश्यपए आरण् बीरेन्द्र सिंह चंदेलए बाबूलालए अनिल साहूए अनुप एवं मण् आरण् सोनामति टोप्पो की प्रमुख भूमिका रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in